जागरूक टाइम्स
jagruktimes.co.in
HAPPY REPUBLIC DAY
जयपुर, रविवार, 26 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 268 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.

न्यूज ब्रीफ

मणिपुर में 314 किलो नशीली दवाईयां नष्ट की

इंफाल। मणिपुर में राज्य सरकार ने शनिवार को 314 किलोग्राम नशीले पदार्थ को नष्ट किया। बीरेन सिंह ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 2018 में नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध की शुरुआत की है। सरकार हजारों एकड़ अफीम के बागानों को नष्ट कर रही है।

इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रग्स जब्त

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने एक और 559 ग्राम हेरोइन जब्त किया। बीएसएफ ने बताया कि दोपहर करीब 1.40 बजे कक्कड़ गांव से सटे एक खेत से 01 डीजेआई एयर 3 एस ड्रोन और हेरोइन बरामद की।

छुट्टी की सूचना

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जागरूक टाइम्स कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। **(संपादक)**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से की बात

पीएम नरेन्द्र मोदी बोले, भारत-इंडोनेशिया के बीच बढ़ेंगे रक्षा-व्यापार संबंध

नई दिल्ली। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं। वे रविवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की।

चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर चर्चा

इस दौरान भारत और इंडोनेशिया के द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। बातचीत में दोनों देशों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने, खासकर रक्षा विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को 10 देशों के आसियान समूह के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हैं कि नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमत हुए हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में हुए समझौते से अपराध रोकथाम, खोज एवं बचाव तथा क्षमता निर्माण में सहयोग और मजबूत होगा। इस दौरान दोनों पक्षों ने समग्र आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार क्षेत्र में विविधता लाने बाजार पहुंच की आवश्यकता पर चर्चा की।

समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोध और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया। वार्ता में भारत ने इंडोनेशिया की ब्रिक्स सदस्यता का भी स्वागत किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने बातचीत को सार्थक बताते हुए कहा कि दोनों पक्ष कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

गणतंत्र दिवस पर उदयपुर में एट होम आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उदयपुर में गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर सहेलियों की बाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शनिवार को 'एट होम' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कला, साहित्य और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होंगे आईजी सत्येन्द्र सिंह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर राजस्थान पुलिस के कई अधिकारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। इनमें महानिरीक्षक (आईजी) सत्येंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, आईजी विकास कुमार सहित 16 अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा। राजस्थान पुलिस के मुखिया डीजीपी यूआर साहू ने इन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर बधाई दी है।

डीजीपी यूआर साहू के मुताबिक, राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए महानिरीक्षक पुलिस सत्येंद्र सिंह का चयन विशिष्ट सेवा के लिए किया गया है। प्रदेश के 16 अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के

राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों को पुलिस पदक

लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी एसएसबी जयपुर पीयूष दीक्षित, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर आयुक्तालय राजेंद्र प्रसाद, और वृताधिकारी नागौर राम प्रताप बिश्नोई शामिल हैं।

इसके अलावा, पुलिस उपाधीक्षक जयपुर डिस्कॉम विजय सिंह, पुलिस निरीक्षक थाना हिरणमगरी हनवंत सिंह राजपुरोहित, और पुलिस निरीक्षक थाना कोटगेट बीकानेर मनोज कुमार शर्मा, पुलिस उप निरीक्षक सीआईडी एसएसबी यूनिट राजसमन्द जोन उदयपुर शीला और पुलिस उप निरीक्षक पुलिस आयुक्तालय जयपुर पुरुषोत्तम लाल शर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा। सहायक उप निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन आयुक्तालय जोधपुर श्याम लाल, सहायक उप निरीक्षक सिटी कंट्रोल रूम श्रीगंगानगर स्वर्ण सिंह, हेड कांस्टेबल 125 छठी बटालियन आरएसी धौलपुर राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल 226 आरपीए जयपुर सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सीआईडी एसएसबी जोन श्रीगंगानगर पवन कुमार, कांस्टेबल 653 प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर रेवन्ता राम और कांस्टेबल 1127 रिजर्व पुलिस लाइन चूरू सुरेश कुमार शर्मा को भी पुलिस पदक के लिए चुना गया है।



प्रदेश में सक्रिय होगा जनवरी का चौथा पश्चिमी विक्षोभ

चार दिन तेज सर्दी का अलर्ट, अगले सप्ताह बदलेगा मौसम

जयपुर, उदयपुर सहित कई जिलों में जमीं ओस की बूंदें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजस्थान में तेज सर्दी का दौर अगले चार दिन और जारी रहेगा। इस बीच तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। आसमान बिल्कुल साफ रहेगा, जिससे उत्तरी हवाओं का असर रहेगा। कड़ाके की सर्दी से लोगों को 28 जनवरी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार सुबह जयपुर, उदयपुर, चूरू समेत कई जिलों में पाला पड़ने जैसी स्थिति रही। खासकर ग्रामीण एरिया में ओस की बूंदें जम गईं।

पश्चिम से आने वाली हवा एक्टिव होगी और तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कड़ाके की सर्दी का ये आखिरी सप्ताह रह सकता है। इसके बाद सर्दी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर समेत तमाम शहरों में आसमान साफ रहा और दिन तेज धूप रही। मौसम विभाग के जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार राजधानी में सर्द हवाओं का दौर जारी है।

29 जनवरी से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

राजस्थान में 29 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ बनने की संभावना है। जिसकी वजह से तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की प्रबल संभावना है। फिलहाल प्रदेश में अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के करीब देखने को मिल रहा है।

अगले चार दिन रहेगी सर्दी

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के मुताबिक, राजस्थान में अगले 4 दिन आसमान बिल्कुल साफ रहेगा और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट हो सकती है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन

हमारा संविधान जीवंत दस्तावेज

यह हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार

नई दिल्ली। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। अपनी स्पीच की शुरुआत उन्होंने देश को बधाई देकर की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है। किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है। भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इस काल खंड में भारत की चेतना जागी। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं।

नैतिक मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करें, यही लोकतंत्र की शक्ति है : जिला निर्वाचन अधिकारी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नवमतदाता और दिव्यांग मतदाताओं को किया गया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन नगर परिषद सभागार में किया गया। इस अवसर पर नवमतदाता, दिव्यांग मतदाता और निर्वाचन कार्यों में विशेष योगदान देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग के 75 वर्षों की सफलता को सराहा और सभी को लोकतंत्र के उत्सव की बधाई दी। उन्होंने नवमतदाताओं से अपील की कि वे चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए स्वयं शत-प्रतिशत मतदान करें और दूसरों को भी नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग की थीम कोई मतदाता न छूटे को विशेष रूप से रेखांकित किया और सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, ईआरओ सहित चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जिले के सभी मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें और दिव्यांग, वरिष्ठ जन, महिला मतदाताओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जागरूक करें। जिला कलक्टर ने एसएसआर 2025 के दौरान जिले के लिए प्रोजेक्ट ईपी रेशो को प्राप्त करने पर चुनाव कार्य में लगे सभी कार्मिकों को बधाई दी और कार्य की निरंतरता पर जोर दिया। उन्होंने सभी से शत-प्रतिशत सफलता के लिए प्रयासरत रहने की अपील की। इस अवसर पर दिव्यांग और नवमतदाताओं का सम्मान किया गया और उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त का ऑनलाइन संबोधन भी सुनाया गया, जिसमें संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र सिंह, स्वीप नोडल अधिकारी एएन सोमनाथ, ईआरओ धौलपुर साधना शर्मा और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल चौहान ने किया। इस समारोह ने जिले में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने का एक मजबूत कदम उठाया और भविष्य में मतदान प्रक्रिया को और भी सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह सम्पन्न

चूरू। बालिका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल जी बहड़ के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मां सरस्वती के अवाक्ष के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वन्दना से शुरू हुए कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने हार्दिक शुभकामनाए देते हुए एकाग्रचित एवं तनाव मुक्त होकर अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने बताया कि तनाव से मुक्ति के लिये व्यायाम एवं लक्ष्य उन्मुख गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें, इसके साथ उन्होने कहा कि अभिभावकों का संस्था से जुड़ाव उनके सामजंस्य, पारस्परिक सहयोग, सामाजिक एवं बौद्धिक विकास में भी सहायक रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भागीरथ जी शर्मा ने कहा कि छात्राएं अपनी संस्कृति एवं मूल्यों को अपनाकर आषावादिता के साथ पूर्णता हासिल करते हुए आगे बढ़े। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य आषा कोठारी ने अतिथियो का स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य श्याम सुन्दर जी शर्मा, राजेष जी मण्डावेवाला एवं विमल सिंह जी राठौड़ आदि अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित थे। आयो रे शुभ दिन आयो.... स्वागत गीत के माध्यम से छात्राओं ने अतिथियों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा लोक संस्कृति की रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में महाराजा गंगासिंह विष्वविद्यालय की परीक्षा-2023 में स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता भावना वर्मा को इस स्वर्णीम उपलब्धि के लिये विषेष रूप से सम्मानित किया गया साथ ही महाविद्यालय स्तर पर विष्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रतिभावान छात्राओं एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को प्रतीक चिन्ह् देकर पुरस्कृत किया गया।

न्यूज ब्रीफ

उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को किया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, तहसीलदार अशोक गौरा नायब तहसीलदार महेन्द कुमार गहलोत, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल आदि ने विधानसभा स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, पर्यवेक्षकों व लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिको भोपाल सिंह, रविकान्त, मुमताज, मुनफुल, छगन लाल, पुनम नाई, मुकेश मीणा, महेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, विनोद, सुनिता शर्मा, भुपेन्द्र जोशी व माया देवी आदि को पंचायत समिति सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईआरओ बिजेन्द्र सिह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस, मतदान के महत्य मतदान प्रक्रिया व मतदाता पंजीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यालय के महेन्द्र सिंह, रजनीश, जयकरण, शाबीर, कमल कुमार, पुनम व अशोक माहिच आदि उपस्थित रहे। संचालन श्रवण कमार गुर्जर ने किया।

बाबलै कठै प्रणाली रे छुट्टगी पढ़ाई रे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। निकटवर्ती ग्राम खांसोली के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालय के सभागार में प्राचार्य गीता भाटिया की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। प्राचार्य ने आगंतुकों का स्वागत भाषण से सम्मान करते हुए कहा कि मेरा स्वप्न है कि शैक्षणिक स्तर पर आप सभी स्टाफ व भामाशाह का सहयोग मिलता रहेगा तो शाला को राज्य के मानचित्र पर लाने का है और बच्चों को मताधिकार दिवस का भी संकल्प दिलाया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय मोटिवेशनर एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति रामसरा ने अपने सम्बोधन की शुरुआत बाबलै कठै परणाई रे छूटेगी पढ़ाई रे ,नौकरानी समझै ,समझै पराई रे , बालिका शिक्षा प्रेरणा की स्वरचित कविता से की। उन्होंने बच्चों से प्रात: जल्दी उठकर पढ़ने और तीन घन्टे घर पर पढ़कर आने के साथ ही बारह गुणा पढ़ाई व संस्कारित शिक्षा की चर्चा करते हुए शाला के नवाचार की प्रशंसा की। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में चयनित शिक्षक शिव कुमार शर्मा को भामाशाह के रूप में सम्मानित किया। उन्होंने सम्मारोह में प्राप्त इक्यावन सौ रुपए शाला में भेंट किए। शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विज्ञान संकाय के अध्यापक धर्मेन्द्र सोलंकी, विकास पुनीया, अशोक शर्मा ने 90 प्रतिशत नम्बर लाने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को इक्यावन सौ रुपए से सम्मानित की घोषणा की। कला संकाय के अध्यापक भंवरलाल द्वारा टोपर विद्यार्थी को ग्यारह सौ रुपए नगद से सम्मानित करने की आगामी पन्द्रह अगस्त को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अस एम सी के अध्यक्ष सत्यनारायण दर्जी, भामाशाह किशनलाल खरिंटा, विजय कुमार बुडानिया, उपसरपंच प्यारे लाल दैया , भंवर सिंह, फुलचंद किरोड़ीया, राकेश प्रजापत बतौर अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुमन,सरोज,सुधा, ताराचंद, रणजीत , कन्हैयालाल,मुकेश, सुमित्रा ,लतिका, विक्रम, कमलेश, ताराचंद , अनिल, जुगल, गोविंद, बलवान आदि ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का शानदार संचालन रणबीर सिंह धींनवाल ने किया।

मोराना चौराहा से बस स्टैंड तक सड़क मरम्मत का कार्य शुरु

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। चारभुजा कस्बे के मुख्य मार्ग मोराना चौराहा से बस स्टैंड तक की जर जर सड़क मार्ग को लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा को पुजारी एवं ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़क से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था। जिस पर कलक्टर के आदेश पर शुक्रवार से ही सड़क निर्माण का कार्य नेशनल हाईवे द्वारा शुरु कर दिया। पंचायत समिति सदस्य कैलाश गुर्जर, पुजारी किशनलाल भंडारी, पुष्कर गुर्जर, भेरुलाल गुर्जर, भरत गुर्जर ने जिला कलक्टर का आभार जताया।

सबका साथ सबका विकास से वंचित वर्गों के जीवन में आया क्रांतिकारी परिवर्तनः माहेश्वरी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को आत्मसात कर समाज के वंचित वर्गों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि भारत में आज स्वाभिमान, आत्मगौरव और स्वयं की क्षमता में विश्वास का एक नया वातावरण बना है। विधायक माहेश्वरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने हेतु एक व्यापक योजना लागू की है। इसी कड़ी में पीएम दक्ष योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों की शिक्षा को सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार ने बजट आवंटन को 1100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6000 करोड़ कर दिया है। जिससे समाज के इन वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर मिल सकें।

विद्यालय में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

चूरू। पारख बालिका उमावि का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। विधालय प्रधानाचार्य चन्द्रकला ने बालिका शिक्षा पर प्रकाश डाला। महेन्द्र पारख ने हमेशा बच्चों को देश का भविष्य बताया है। शिक्षा विभाग संभाग के संयुक्त निदेशक महेन्द्र सिंह बड़सरा ने विद्यालय में बच्चों को आज के दौर में शिक्षा का महत्व के बारें बताया। जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने विधालय के छात्राओं को आगे बढ़ने और अपने माता-पिता व गुरूजनों के योगदान के बारे में बताया। रचना कोठारी ने विविध संस्कृतियों से परिपूर्ण हमारा देश, जहां सभी धर्मो के लोग निवास करते है। विधालय एक ऐसी जगह है जहाँ हमें आज सभी को विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाने का मौका मिला है। विधालय में समी भामाशाहों व पूर्व विधार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. एम.एल.श्यामसुखा, डॉ. शंकर गौड, कुलदीप बाजिया, इरशाद भाटी, इब्राहिम खान, शायरा बानो एसएमसी व एसडीएमसी सदस्य व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय संचालक समय-समय पर स्कूल बसों की कराएं फिटनेस, स्कूल बसों की जांच शुरू

धौलपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों की बसों का निरीक्षण शुरू किया, जिसमें विशेष कर फिटनेस की जांच की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिन विद्यालयों की बसों की नियमित फिटनेस नहीं हो रही उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी। विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले के सभी विद्यालयों की बसों का संघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कि विद्यालय संचालक बाल वाहिनियों की नियमित रूप से परमिट फिटनेस का ध्यान रखें व निर्धारित यूनिफॉर्म में वाहन चालक व हेल्पर के साथ बस का संचालन करें। बसों में मेडिकल किट, फायर सेफ्टी पर विशेष ध्यान व बसों पर विद्यालय प्रबंधक चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण नंबर अंकित होने चाहिए। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए एवं रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए।

'बेटी को मत समझो भार, ये तो है जीवन का आधार'

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू । राजस्थान महिला कल्याण मंडल चुरू की परियोजना एक्सेस टू जस्टिस फ़ोर चिल्ड्रन फ़ेस थ्री के जिला समन्वयक रुकैया पठान की नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाकरासर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की टीम से सुमन चोपड़ा द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ,सुरक्षित व सुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई साथ ही सतर्क रहकर सुरक्षित रहने हेतु बच्चों को संबोधित किया गया ।विद्यालय के प्राचार्य भँवरलाल गुर्जर द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व सुरक्षा सर्वश्रेष्ठ है शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण होगा जब बच्चों का बचपन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उनका विकास कैसे होगा इसलिए बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है ।काउंसलर ज्योति बागड़ी द्वारा बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई संस्था के फ़िलड कोऑर्डिनेटर ,मुबारिक अली के द्वारा बच्चों के मध्य प्रश्नोतरी करवाई गई प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी लीस प्रतियोगिता में विजय बच्चों को उपहार भेंट करके पुरस्कृत किया गया , बच्चों को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलवाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य भंवरलाल गुर्जर द्वारा की गई । प्राचार्य द्वारा संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की गईं । मंच का संचालन एमीचंद व्याख्याता द्वारा किया गया संस्था को धन्यवाद के रूप में प्रशंसा पत्र दिया।

रेलवे सिग्नल विभाग का सेफ्टी सेमिनार आयोजित

संरक्षा को लेकर रेलकर्मियों को जानकारी दी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

फुलेरा। रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सिग्नल विभाग का नववर्ष के अवसर पर सेफ्टी सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सीनियर डीएसटी किशन स्वरूप रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि डीएसटी रोनित मीणा थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सिग्नल विभाग के मयंक शर्मा ने की । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीनियर डीएसटी किशन स्वरूप ने सबसे पहले कार्यक्रम में उपस्थित रेल कर्मियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि फील्ड में होने वाले मेंटेनेंस के कार्य में शॉर्टकट का सहारा नहीं लेना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि सिग्नल विभाग में इंजीनियरिंग विभाग वर्तमान समय में मिलकर टीम वर्क की तरह कार्य कर रहे हैं जो कि एक सराहनीय कदम है। कार्य करते वक्त कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहना चाहिए तथा संरक्षा के नियमों का पालन करने की हिदायत दी । कार्यक्रम में सेफ्टी काउंसलर के सी राजोरिया ने कहा कि कर्मचारियों को मेंटेनेंस कार्य के दौरान सजकता एवं तालमेल से कार्य करना चाहिए । तथा ड्यूटी पर खुद की सुरक्षा करते हुए तनाव रहित होकर कार्य करना चाहिए। वही वरिष्ठ अनुभव अभियंता सिंगल विभाग के अभिषेक दीक्षित ने उदगार भाषण देते हुए संरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया । कार्यक्रम महेश सहाय शर्मा, नरेन्द्र सिंह चाहर, सेफ्टी काउंसलर राजोरिया, एसएसई धर्मेन्द्र तिवारी, ईएसएम पूजा शर्मा सहित कई वक्ताओ ने अपने-अपने विचार रखे । मंच का संचालन सेवानिवृत्ति पूर्व शाखा सचिव एस.के. माथूर ने किया।

लोकतांत्रिक महत्व को समझें और अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं : सुराणा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने कहा कि हम सभी लोकतांत्रिक महत्व को समझें और लोकतांत्रिक महत्व को सुदृढ़ करने वाली अवधारणा व गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। हम सभी चिंतन, मनन करें और लोकतांत्रिक गतिविधियों को बढ़ावा दें। मतदाता सूची में नए लोगों को जोड़ें और समस्त निर्वाचन गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाते हुए वोटर लिस्ट को अपडेट करें। हम जेंडर गैप को कम करें। उन्होंने कहा कि हम सभी निर्वाचनों की गंभीरता को समझते हुए मिलकर काम करें। सभी निर्वाचनों में सहयोगी की भूमिका निभाते हुए सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने उपस्थितों को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान की शपथ दिलाई तथा उपस्थितों ने हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर कर आवश्यक रूप से मतदान करने का संकल्प लिया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी व 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। कार्यक्रम में गणपति चिल्ड्रन एकेडमी के छात्र चौतन्य टुहानिया ने 'वोट देण चाल्या' गीत, आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने आदियोगी थीम पर योग प्रस्तुति व केन्द्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

दीदीजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

चूरू। निकटवर्ती गांव ढांढण गांव में अखिल भारतीय मां टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार रात्रि को भजन संध्या को एक शाम शिव के नाम का आयोजन किया। जिसमें टोंक निवाई के प्रकाशदास महाराज ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। उज्जैन के गायक कलाकार किशन भगत ने में दीवाना हुं महाकाल का, आज बिरज में होली रे रसिया, क्या लेके आया बन्दे क्या लेके जायेगा। जैसे भजनों से उपस्थित श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। शनिवार को सुबह दादी का रुद्राभिषेक किया गया। देश विदेश से आये हजारों भक्तों ने रुद्राभिषेक किया। दादी के भक्तों ने कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को विश्व विख्यात अनूप जलोटा व कविता पौडवाल द्वारा आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र मतदान बहुत बड़ी ताकतः राज्यपाल बागडे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि मतदान में इतनी ताकत है कि इससे छोटे को बड़ा किया जा सकता है और बहुत बड़े को भी छोटा किया जा सकता है। उन्होंने बगैर लालच के निर्भीक होकर मतदान में सभी को भाग लेने का आह्वान किया। बागडे शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करते हुए लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की शपथ भी दिलाई।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय मूल की संस्कृति, आचार पद्धति विश्व भर में प्रेरणा देने वाली रही है। इस संस्कृति के कारण ही लोकशाही हमारे यहां आज भी जीवंत है। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने पर चर्चिल ने कहा था कि भारत अज्ञानी देश है, यहां लोकतंत्र पनप नहीं सकेगा। पर यह हमारी मानवीय मूल्यों पर आधारित संस्कृति ही है, जिससे भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र बना। उन्होंने नए युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने और मतदान में भागीदार बनने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने सभी को मतदान करने, मतदान सूचियों की त्रुटियां दूर करने में सहयोग करने और एक मतदाता का दो या तीन स्थानों पर नाम होने पर स्वयं प्रेरित होकर उसे एक ही स्थान पर सूची में नाम रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'मतदाता दिवस' की सार्थकता इसमें है कि सामुहिक प्रयासों से अधिकाधिक मतदान हो। मतदान से कोई वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मतदान के प्रति जागरूक ही नहीं करता बल्कि वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने से जुड़ा प्रेरक पर्व है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने समारोह में मतदान जागरूकता के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आरंभ में उन्होंने मतदान जागरूकता के आलोक में निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर मतदान और लोकतंत्र से संबंधित पेंटिंग्स की सराहना की। उन्होंने नवीन युवा मतदाताओं को इस अवसर पर सम्मानित किया। भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार का संदेश भी इस दौरान प्रसारित किया गया। इसमें उन्होंने कहा कि भारत में मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। जल्द ही देश सौ करोड़ मतदाता वाला राष्ट्र हो जाएगा। यह कई देशों के संयुक्त मतदाता संख्या से भी अधिक है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मतदान के महत्व की चर्चा करते हुए राजस्थान में मतदान के किए किए गए नवाचारों और मतदान दिवस के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज भी इस अवसर पर मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर डा. जितेंद्र सोनी ने सभी का आभार जताया। समारोह में आदिवासी कलाकारों द्वारा 'वोट तुम डारो रसिया, लोकतंत्र की सुनो पुकार मत खोना अपना अधिकार' पर नृत्य और संगीत प्रस्तुति दी।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अमर जवान ज्योति पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

राजस्थान पुलिस बैंड की मोहक धुनों पर बही राष्ट्रभक्ति की रसधार 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ता हमारा'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर राजस्थान पुलिस के बैंड, हाड़ी रानी महिला बटालियन पाइप पुलिस बैंड, तेरहवीं बटालियन बैंड, जयपुर पुलिस आयुक्तालय के बैंड तथा आरएसी की चौथी एवं पांचवी बटालियन के बैंडवादकों ने अपनी सामूहिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की बयार बहाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बैंड वादकों ने जय हो..., 'कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, ये जिंदगी है कौम की तू कौम पर लुटाए जा....' जैसे देश भक्ति के नगमों की धुनों की आकर्षक प्रस्तुतियों से समां बांधते हुए माहौल में देश भक्ति का रस घोल दिया जिस को वहां उपस्थित लोगों ने जम कर सराहा। राजस्थान पुलिस के बैंडवादकों के इस दल ने आकर्षक गणवेश में अनुशासन और लयबद्धता के साथ प्रस्तुतियों की अमिट छाप छोड़ी।

राजस्थान पुलिस की प्रतिभा का डंका बजा देश भर में:- पुलिस महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने पाईप बैण्ड कन्डक्टर पूनम सपेरा को नागालैण्ड में आयोजित 25वीं अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता 2024 में राजस्थान पुलिस महिला पाईप बैण्ड ने गोल्ड मैडल (प्रथम स्थान) एवं पाईप बैण्ड कन्डक्टर में पाईप बैण्ड का बेस्ट कन्डक्टर चुने जाने एवं ऑल ओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी से नवाजा जाने पर उन्हें शुभकामनायें देकर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम में मौजूद पुलिस महानिदेशक एससीआरबी, साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवायें हेमन्त प्रियदर्शी, सहित पुलिस मुख्यालय से एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैंडवादक पुलिसकर्मियों की हौसला अफ़ज़ाई की। वहीं बैंडवादकों की प्रस्तुतियों ने आमजन और गणमान्य लोगों से भी खूब तालियां बटोरी।

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 76वें गणतंत्र दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। उन्होंने गणतंत्र दिवस को लोकतंत्र का राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हमें 'विकसित भारत' के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस पर विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया है।

वित्त समिति की मैराथन बजट समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में हुई बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में शुक्रवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में मैराथन बजट समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व वृद्धि, आय प्राप्ति, अब तक विभिन्न शाखाओं द्वारा किये गये कार्यो एवं आगामी बजट में लिये जाने वाले प्रावधानों पर चर्चा की गई।

बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता, अक्षत खूंटेटा, बाबूलाल शर्मा, वित्तीय सलाहकार, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त उद्यान, अधीक्षण अभियन्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को विद्युत शाखा, गैराज शाखा, उद्यान शाखा, सतर्कता शाखा, राजस्व प्रथम शाखा, आयोजना शाखा, प्रोजेक्ट शाखाओं की बैठक ली गई। जिसमें अभी तक किये गये कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी बजट के लिये भी सुझाव लिये गये।

बैठक में नगरीय विकास कर, विज्ञापन शुल्क वसूलने, पार्को के उचित संधारण, टूटे हुये उपकरणों को ठीक करने, सुलभ शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करने, पेचवर्क, सड़कों के गडड्े ठीक करने, अवैध थड़ी ठेले हटवाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये।

न्यूज ब्रीफ

सहकार भवन, राजफैड व अपैक्स बैंक में फहराया जाएगा ध्वज

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:30 बजे नेहरू सहकार भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। प्रबंध निदेशक, राजफैड नारायण सिंह प्रातः 8:30 बजे राजफैड परिसर में तिरंगा फहराएंगे। अपैक्स बैंक में प्रातः 8:45 बजे प्रबंध निदेशक संजय पाठक झण्डा फहराएंगे। इस अवसर पर सहकारिता विभाग और राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

गणतन्त्र दिवस पर विधानसभा में झण्डारोहण करेंगे देवनानी

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:15 बजे विधान सभा में झण्डारोहण करेंगे। इस मौके पर विधायकगण, पूर्व विधायकगण और विधान सभा के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे। इससे पहले देवनानी सिविल लाईन स्थित राजकीय निवास पर प्रातः 7:15 बजे झण्डारोहण करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी प्रातः 8:00 बजे अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करेंगे।

बच्चों को स्वेटर व पाठ्य सामग्री का वितरण

जयपुर। समाजोपयोगी कार्यो की कड़ी में सर्दी को देखते हुए सागर फाउंडेशन ने झालाना डूंगरी व जगतपुरा आंगनबाड़ी सेंटर के बच्चों को स्वेटर, पाठ्य सामग्री व बिस्कुट व चाकलेट का वितरण किया। सागर फाउंडेशन की सीईओ गोमासागर व उपाध्यक्ष गिरधारी लाल ने बताया कि दयानंद नगर विकास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल टाटीवाल, विशिष्ट अतिथि सेन कालोनी विकास समिति, मालवीय नगर के अध्यक्ष भंवर लाल सैन व झालाना डूंगरी रमेश बैरवा ने की। इस मौके पर फाउंडेशन ने 104 छात्र छात्राओं को स्वेटर, पाठ्य सामग्री वितरित की। इस मौके पर सेंटर 733 की कार्यकर्ता माया सैन, सहायिका सरोज, आशा सहयोगिनी पिंकी देवी, सेन्टर 734 की कार्यकर्ता पुष्पा देवी, सेन्टर 735 कार्यकर्ता रोशन देवी, सहायिका जमना देवी व आशा सहयोगिनी रतन सैन, अजय सिंह, मातृ शक्ति व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सेंटर की कार्यकर्ताओं ने सभी मेहमानों का तिलक व पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया।

गणतंत्र दिवस पर देवनानी की शुभकामनाएं

राजस्थान विधान सभा की संविधान दीर्घा को आमजन देखेः देवनानी

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 76वें गणतन्त्र दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि गणतन्त्र दिवस पर हम सभी को राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा। देवनानी ने कहा है कि भारत की आत्मा भारतीय संविधान है। भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और जागरूकता बढाने के लिए राजस्थान विधान सभा में संविधान दीर्घा का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस दीर्घा का उद्देश्य आमजन और युवाओं को भारत और भारत की सांस्कृतिक नैतिकता से परिचित कराना है। देवनानी ने आमजन से राजस्थान विधान सभा में बनाई गई संविधान दीर्घा का अवलोकन करने का अनुरोध किया है।

देवनानी ने कहा है कि संविधान में नन्दलाल बोस द्वारा चित्रित भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और विरासत का संविधान दीर्घा में प्रदर्शन किया गया है। मूल संविधान के 22 भागों के आरम्भ में प्रदर्शित कलाकृतियों यथा रामायण में भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास से घर वापसी का दृश्य, श्री कृष्ण के उपदेश, गौतम बुद्ध व भगवान महावीर का जीवन, सम्राट अशोक व विक्रमादित्य के सभागार के दृश्य, छत्रपति शिवाजी, गुरू गोविन्द सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, स्वतन्त्रता संग्राम में महात्मा गांधी के दाण्डी मार्च और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का चित्रण किया गया है। देवनानी ने कहा है कि गणतन्त्र दिवस को सभी उत्सव के साथ मनाये और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने में भागीदार बने।

अवैध अस्थायी अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार शनिवार को मानसरोवर जोन में उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में मध्यम मार्ग स्थित विजय पथ से पटेल मार्ग के दोनों तरफ राजस्व शाखा, स्वास्थ्य शाखा, सतर्कता शाखा की टीम द्वारा अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध थड़ी ठेले व अवैध बैनर, पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई साथ मुख्य मार्गो में अवैध रूप से बनायी गयी सीढियों को भी तोड़ा गया। उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा ने बताया कि अवैध अस्थायी अतिक्रमण के दूसरे दिन भी मध्यम मार्ग स्थित विजय पथ से पटेल मार्ग के दोनों तरफ अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध थड़ी ठेले व

अवैध बैनर, पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही दुकानदारों को रोड पर सामान नहीं रखने की एवं अतिक्रमण नहीं करने हेतु समझाईश की गई।

विषय विशेषज्ञ और हितधारक करेंगे बजट पूर्व संवाद

27 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जिला कलेक्ट्रेट में दिनांक 27 जनवरी से 29 जनवरी तक संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ एवं हितधारक बजट पूर्व संवाद करेंगे एवं बजट को लेकर अपने सुझाव भी देंगे। जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु संवाद और परिचर्चा की कार्य योजना हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनीता सिंह के निर्देशन में उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा को नोडल प्रभारी नामित किया गया है। इसके साथ दल में कोषाधिकारी जयपुर जय कौशिक, वरिष्ठ लेखाधिकारी आशीष नागर, मुख्य आयोजना अधिकारी रामेश्वर मीना तथा सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामनिवास को शामिल किया गया है।

उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि आगामी बजट को लेकर कार्यशाला में प्रतिदिन दो सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। सोमवार को प्रात: 11 बजे उद्घाटन सत्र में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के हितधारक, कर सलाहकार एवं व्यवसायी वहीं, दिन के दूसरे सत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार दिनांक 28 जनवरी, 2025 को जनजातीय क्षेत्र विकास, किसान एवं पशुपालन क्षेत्र के हितधारक तो वहीं, बुधवार दिनांक 29 जनवरी 2025 महिला प्रतिनिधि, मेघावी छात्र, युवा खिलाड़ी, गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद में अपनी राय रखेंगे।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

खाद्य सुरक्षा योजना के लिए हैं अपात्र, तो 31 जनवरी तक करें 'गिव अप'

नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों के खिलाफ की जाएगी कार्यवाही, अब तक जयपुर में 15 हजार से अधिक अपात्र लाभार्थियों ने सूची से हटवाये नाम

» जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह प्रत्येक उपखंड में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, उचित मूल्य दुकानदारों के माध्यम से इस प्रकार के व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने हेतु प्रेरित करें। इस हेतु जयपुर ग्रामीण एवं शहर की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध करवाये गये हैं।

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि आयकरदाता, सरकार कर्मचारी, अर्द्ध सरकारी कर्मचारी, स्वायतशासी संस्था में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय वाले व्यक्ति, ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जोविकोपार्जन में प्रयोग आते है, को छोड़कर चौपहिया वाहन धारक व्यक्ति अथवा निष्कासन की श्रेणी में आने वाले अन्य व्यक्तियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें। उन्होंने बताया कि कोई भी अपात्र व्यक्ति अपनी निकटतम उचित मूल्य दुकान से आवेदन पत्र प्राप्त कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकता है। 24 जनवरी तक जयपुर शहर एवं ग्रामीण में 'गिव अप' अभियान के अन्तर्गत 15 हजार उपभोक्ताओं द्वारा अपने नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये गये हैं।

उन्होंने कहा कि आमजन से अपील है कि यदि वह खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित होने के उपरान्त भी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है तो वह 31 जनवरी से पूर्व 'गिव अप' अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवायें। 31 जनवरी, 2025 के पश्चात जिला रसद अधिकारी जयपुर शहर/ग्रामीण एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारियों द्वारा अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटा दिये जायेगें।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 31 जनवरी, 2025 के पश्चात खाद्य सुरक्षा सूची में पाये जाने वाले कार्मिको के विरुद्ध वसूली, शास्ति आरोपित की जावेगी। उक्त शास्ति की गणना 27 रुपये प्रति किलोग्राम के अनुसार खाद्य सुरक्षा सूची में नाम अंकित होने की तिथि से नाम हटाने की तिथि तक उस व्यक्ति द्वारा जितना खाद्यान्न प्राप्त किया गया है, अनुसार की जाकर मय ब्याज वसूली की जायेगी।

जिला कलक्टर के निर्देशानुसार ऐसे कार्मिकों की सूची तैयार की जा रही हैं एवं निर्देशानुसार ऐसे कार्मिकों के संबंधित विभागों को वसूली राशि की कार्मिक के मासिक वेतन से कटौती करने हेतु लिखा जायेगा।

'विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में आगे आए'

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों का सामूहिक वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझडिया अध्यक्ष विधायक मनोज न्यांगली विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता वेद प्रकाश पूनिया प्रोफेसर दिलीप सिंह पूनिया महावीर सिंह पूनिया कौशल पूनिया मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार पूर्व पार्षद मनीराम गहनोलिया उर्मिला पूनिया एवं कार्यक्रम के मेजबान प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया राजवीर सुड्डा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया एवं यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों के स्टाफ सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण साफा और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया विभिन्न स्कूलों से पधारे प्रतिभागी विद्यार्थीयों ने मनमोहक एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में शिक्षा खेल और शैक्षिक गतिविधियों में श्रेष्ठ उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि पैरालंपियन देवेंद्र झाझडिया ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अनुशासन लग्न एवं पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा प्राप्त कर खेल के क्षेत्र में भी आगे आए विद्यार्थी के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल और सह शैक्षिक गतिविधि अति आवश्यक है उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य तय कर उसे दिशा में सतत प्रयास करें और सफलता की और बढ़े विधायक मनोज न्यांगली विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षकों के मार्गदर्शन में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य ग्रहण कर शिक्षा प्राप्त कर देश हित के लिए आगे आए विद्यार्थी समय की महत्ता समझे और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने आभार धन्यवाद प्रस्तुत किया प्राचार्य राजवीर सुड्डा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया समस्त विद्यार्थियों को इस अवसर परअल्पाहार दिया गया इस मौके पर संदीप जडिया सुनील मील वीरेंद्र थालौड़ चक्रधर शर्मा वीरेंद्र मंजू जयसिंह झाझडिया जयवीर सिंह जोगेंद्र सिंह अब्दुल सत्तार रमेश सांगवान स्वाति हरपाल सिंह सुनील कुमार बलवान सिंह सहित यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य ओमप्रकाश चाहर ने पद का कार्यभार संभाला

नोहर। तहसील के अरड़की निवासी ओमप्रकाश चाहर ने उप प्राचार्य पद से पदोन्नत होकर शनिवार को प्राचार्य पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालिया में कार्यग्रहण कर किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य जसवंत सीला व शाला परिवार ने प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर ओमप्रकाश चाहर का साफ़ा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। प्राचार्य जसवंत सीला ने पत्रकार बाल कृष्ण व्यास को बताया कि ओमप्रकाश चाहर ने पूर्व में वायुसेना में भर्ती होकर देश सेवा की है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आकाशवाणी तथा नेचर पार्क की विजिट की

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के कक्षा 6 से 12 के 60 छात्राओं का एक दल गुरुवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत ट्विनिंग ऑफ़ स्कूल गतिविधि के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू की विजिट पर रहा । पीएम श्री प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ. बलौदा भी विजिट के दौरान साथ रही। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ द्वारा छात्राओं को संबंधित विद्यालय के पुस्तकालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं, टॉय लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षा-कक्ष, आईसीटी लैब, खेल मैदान, किचन गार्डन तथा विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन करवाया गया। छात्राओं ने विद्यालय की स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का भी अवलोकन किया। इसके अलावा छात्राओं द्वारा विद्यालय के मैन गेट व अन्य स्थानों पर लिखे गए नाम, कोटेशन व अन्य सौंदर्यकरण की सामग्री अवलोकन किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत छात्राओं ने मीडिया साक्षरता के तहत आकाशवाणी केन्द्र चूरू के रेडियो स्टूडियो एवं रिकॉर्डिंग रूम का अवलोकन किया। आकाशवाणी से श्रवण कुमार रैगर ने समाचार, फिल्मी गाने एवं विभिन्न विषयों पर वाद विवाद एवं वार्ता प्रसारण के बारे में जानकारी दी तथा आकाशवाणी में करियर निर्माण के बारे में बताया। हरित विद्यालय गतिविधि अंतर्गत छात्राओं को नेचर पार्क का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्य अरुण वशिष्ठ, उषा रानी, विमलेश चन्द्र, मंजू कुमार, पार्थ मनसोत्रा, सुनील व विमला उपस्थित थे।

डॉ बासोतिया को पीएचडी की उपाधि

सादुलपुर। मोहता महाविद्यालय में अंग्रजी के प्रोफेसर डॉ दिनेश बासोतिया को राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बांगड़े ने पीएचडी (अंग्रेजी) की उपाधि कोटा विश्वविद्यालय के ग्यारवें दीक्षांत समारोह में प्रदान की।

मोहता पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। मोहता पब्लिक स्कूल, राजगढ में शुक्रवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोडा ने फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। इस अवसर पर मोहता संस्थाओं के सी.ई.ओ डॉ प्रताप सिंह राठौड, मोहता अस्पताल के सी.एम.ओ. डॉ अजीत सिंह, सेवा भावी वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार,व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन मोहता, हैदर अली, पवन गटटानी, राजेश कन्दोई, मुमताज, प्राचार्य मनीष शर्मा, उपप्राचार्य इन्द्रसिंह राजपूत, अदरीश मोहम्मद, युवा पत्रकार जयराम आचार्य आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष शर्मा ने बताया कि इस बाल मेले में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों ने अपनी स्टॉल/शॉप लगा कर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व लाजवाब व्यंजन बनाए तथा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेलों के माध्यम से आगंतुकों का मन मोहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए। इस मेले में बच्चों के परिजन, स्नेहीजन, संबंधी और मित्रगण आदि ने पधारकर मेले का आनंद लिया।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का होगा बीमा

सादुलपुर। राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालकों बढ़ावा देने और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई है। पशुपालन विभाग के राधा बड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र डॉ. नीतू फोगाट व विजय सिंह जागलान ने बताया कि योजना का अंतर्गत पशुपालकों के दुधारू और भारवाहक पशुओं का निशुल्क बीमा करना है दुधारू गाय भैंस ऊंट भेड़ व बकरी जैसे पशुओं का एक वर्ष के लिए निशुल्क बीमा होगा उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगी बल्कि पशुपालन व्यवसाय को भी प्रोत्साहन देगी उन्होंने गांव भाकरां राधा बड़ी जाटुवास के सभी पात्र पशुपालकों को समय पर आवेदन करने की अपील की है पशु चिकित्सक डॉक्टर नीतू फोगाट ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लिए अपने जन आधार कार्ड की सहायता से मोबाइल फोन में मंगला पशु बीमा योजना एप व नजदीकी ई मित्र से अपना निशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं थार के मरुस्थल चुरू जिले में पशुओं में कई प्रकार की बीमारियों से पशुओं की अकाल मृत्यु होती है। जिससे पशुपालक पर आर्थिक संकट उत्पन्न होता है। पशुपालक को होने वाले आर्थिक हानि से बचाने एवं बीमा राशि मिलने से नए पशु खरीदने में सहायता मिलेगी बीमा के लिए पशुपालक को किसी प्रकार का प्रीमियम राशि भरने की आवश्यकता नही है।

'कालरी पंचायत में आम जनहितार्थ कोई भी कार्य रोके नहीं जाएंगे'

सादुलपुर। राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कालरी की सेवा भावी सरपंच के द्वारा आम जनहितार्थ कुंड का निर्माण कांधराण गांव में करवाया गया जिसमें लाभार्थ सभी ग्रामवासियों ने सरपंच प्रमिला देवी का स्वागत आभार अभिनंदन किया गया सरपंच प्रमिला देवी के अनुसार पंचायत में आमजन के हितार्थ कोई भी कार्य बिना किसी भेदभाव के करवाए जाएंगे उसके लिए किसी भी ग्रामवासी को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है वह सीधे आकर मुझे मिले अगर जनहितकारी कार्य होंगे तो आवश्यक रूप जमीनी स्तर पर करवाए जाएंगे कांधरान गांव की महिलाओं ने सेवा भावी सरपंच श्रीमती प्रमिला देवी का माला अर्पण कर शाल ओढ़ा कर हार्दिक अभिनंदन किया और धन्यवाद दिया साथ में सरपंच पुत्र अभिषेक पूनिया का भी अभिवादन अभिनंदन किया गया।

मकराना लॉयन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि : रिकॉर्ड 2767 यूनिट रक्त संग्रह

जागरुक टाइम्स संवाददाता कुचामन सिटी। मकराना में लॉयन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मुरावतिया की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रवि मार्बल परिसर में आयोजित इस शिविर में 1200 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य प्राप्त किया गया। शिविर में शाम 6 बजे तक 2767 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक जाकिर हुसैन गैसावत सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। सभी ने स्व. प्रेमप्रकाश मुरावतिया के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मंत्री गहलोत ने कहा कि वे मुरावतिया परिवार के सदस्य के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। शिविर की विशेष बात यह रही कि रक्त संग्रहण के लिए आठ सरकारी और दो निजी ब्लड बैंकों की टीमें मौजूद रही। लॉयन्स क्लब के सदस्य सुरेश सोनी ने 61वीं बार रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। रिटायर्ड प्रिंसिपल बीरमाराम किरडोलिया ने बताया कि स्व. प्रेम प्रकाश मुरावतिया ने अपने जीवन में दस हजार से अधिक लोगों के जीवन को बचाने में योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ऐसे कर्म करने चाहिए कि उसके जाने के बाद भी दुनिया उसकी भलाई को याद करती रहे।

पुलिस सिपाही रहे प्रदीप सुडा की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्तदान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजस्थान पुलिस के सिपाही रहे प्रदीप सुडा की द्वितीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। उक्त शिविर में 74 लोगों ने रक्तदान किया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी रामकिशन सुडा परिवार द्वारा आयोजित शिविर में प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामावतार सोनी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें अतिथि गण सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस निश्चल प्रसाद एम, थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग एवं सेवानिवृत्ति एएसपी प्रताप मल केडिया थे। इस अवसर पर आईपीएस निश्चल प्रसाद ने कहा कि सुडा परिवार ने निश्चित ही एक अनुकरणीय मानव सेवा का कार्य किया है और प्रत्येक पुण्यतिथि पर करते हैं। रक्तदान किसी भी व्यक्ति के जीवन रक्षण में महती भूमिका निभा सकता है। सीआई राजेश सिहाग ने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है जिसका कोई सानी नहीं हो सकता। यह व्यक्ति के शरीर के हिस्से से निकलकर किसी दूसरे के शरीर में पहुंचकर नए जीवन का प्रतिरूप बनता है। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए सेवानिवृत पुलिस अधिकारी मांगेराम जांगिड़ ने आवश्यक जानकारी दी। स्वर्गीय प्रदीप की पत्नी कविता, मां खींवणी देवी और पुत्र पुत्री मयंक तथा लक्ष्या ने अश्रूपूरित आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की तो उपस्थित लोग भी भाव विह्वल से हो गए। रक्तदान का आगाज प्रदीप रंगा, क्यूम एवं बिल्लू गहलोत युवा पत्रकार आनन्द आचार्य तथा सोनू भुकल के संयुक्त रक्तदान से हुआ। इस अवसर पर कई पुलिस कर्मियों ने भी रक्तदान किया। सेवा भावी स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन, शिक्षा विभाग के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मंगतूराम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता गणेश दाधीच, जयराम आचार्य, सेनि. एएसपी नियाज मोहम्मद के अलावा अन्य अधिकारी रामगोपाल पचार आदि मौजूद रहे।

विधालय के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा : न्यागंली

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। तहसील के राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय भगेला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सादुलपुर विधायक मनोज न्यागंली ने बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर टीन शेड का उद्घाटन और किया और मेधावी विधार्थीयो को पुरस्कार वितरण किया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विधायक न्यागंली ने कहा कि वो विधानसभा के किसी भी विधालय मे विधार्थीयो के हितो के लिए विधालय विकास के लिए संसाधन एव पैसो की कमी नही रहने दूंगा,न्यागंली ने कहा कि बच्चो को विधा अर्जन के बाद उस विधा को मानव सेवा एव अपने सपने पूरे करने के लिए जनहितार्थ उपयोग मे लानी चाहिए! कार्यक्रम मे वशिष्ठ अतिथि पचांयत समिति प्रधान विनोद पूनिया,मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा,महतं बलराम पुरी,भामाशाह कमलेश अग्रवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता भगेला ग्राम पंचायत सरपंच रोशनी देवी ने की।

न्यूज ब्रीफ

शोभासर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

बीकानेर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभासर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से बनाया गया। मुख्य अतिथि सीडीई ओ महेंद्र शर्मा थे। विशेष अतिथि सुनील कुमार बोड़ा ने बीकानेर जिले में विज्ञान शास्त्र में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने मन मोहक बहुतसुंदर प्रस्तुति दी तथा राजस्थानी लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि मिरचंद व उपसरपंच अमर सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। समस्त स्टाफ ने पूरे मनो योग से कार्यक्रम को खूबसूरत अंदाज में बच्चों से प्रस्तुत करवाया। नवनीत गुलाटी ने स्कूल के उपलब्धियां की जानकारी दी। ग्राम वासियों व अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय थी। भामाशाह ने सहयोग किया। प्रिंसिपल दिनेश आचार्य ने वार्षिक उत्सव के महत्व को समझाया। विष्णु जोशी ने भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य श्रीमती आशा खत्री ने सबका धन्यवाद प्रेषित किया।

मोहता परिवार द्वारा एक सौ कंबल अभाव ग्रस्त महिलाओं को वितरण किया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। वरिष्ठ समाजसेवी मोहता ग्रुप चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता ने एक बार पुन: मोहता हवेली में तीसरी बार 100 कंबल बँटवाये अब तक मोहता के द्वारा लगभग 500 कंबल और अन्य शीतकालीन गर्म कपड़े बाटे जा चुके हैं। मौके पर मोहता कॉलेज प्रोफेसर डॉक्टर संजू शर्मा, चैरिटी वर्क सेक्रेटरी पूनम शर्मा, इंदर सिंह राजपूत परमेश्वर चौहान, श्रीमती नीलम पूनिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल बजरंगी बसोतिया, शिवनारायण और मोहता हवेली लेखाकार मनीष कुमार शर्मा मौजूद थे सौरव एन एस एम यूथ जागृति संस्था एनजीओ से जुड़ी हुई महिलाओ को अभी तक 110 कम्बल मिल चुके है मोहता कॉलेज प्राचार्य प्रताप सिंह राठौड़, मोहता स्कूल प्राचार्य मनीष शर्मा, आईटीआई प्राचार्य विजय पाल जी और भगवानी देवी मोहता हॉस्पिटल डॉक्टर अजीत ने मोहता परिवार को धन्यवाद दिया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर किया अभिनंदन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजगढ़ उपखण्ड कार्यालय में 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तहसील के दर्जनों बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर राजगढ़ एसडीम एवं उप निर्वाचन अधिकारी मीनू वर्मा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बड़ी में कार्यरत पंचायत शिक्षक प्रेमचंद तानाण जीराम बास बूथ पर बेहद कार्य करने पर एवं मनोज सिंगल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बोर एवं राकेश कुमार बीएलओ सहित प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

नोहर से महंत गोपालनाथ गोरखाना ने प्रयागराज में की महंत बालकनाथ से भेंट

जागरुक टाइम्स संवाददाता

नोहर। महंत योगी गोपालनाथ गोरखाना के नेतृत्व में नोहर से महाकुम्भ प्रयागराज गए यात्रा मंडल ने गुरू गोरक्षनाथ अखाड़ा प्रयागराज में तिजारा के विधायक राजस्थान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं योगी महासभा के उपसभापति महंत बालकनाथ महाराज से शिष्टाचार मुलाकात की। महंत योगी गोपालनाथ ने यात्रा संघ में आए सभी साथी गणों का परिचय करवाया, महाराज श्री ने सभी की कुशलक्षेम पूछी एवं आशीर्वाद दिया। यात्रा मंडल के सदस्य प्रताप सिंह महरिया, कृष्ण कुमार गोदारा, दयाराम सहू, हंसराज बैनीवाल, अमरसिंह सहू, सुलतान बिजारणियां, मांगेराम जाखड़, लालचंद बैनीवाल, राजगुरु झोरड़, पतराम भाकर, रामस्वरूप लेघा आदि भी महंत बालकनाथ से मिले।

तोला महिला कॉलेज परिसर में छात्रों ने श्रमदान किया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। श्री एस. जे. डी. अग्रवाल तोला महिला पी. जी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नंदिता जांगिड़ ने बताया कि शिविर में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में लगे लगभग 450 पौधों की सार संभाल की व पेड़ों के पास हो रही अनावश्यक खरपतवार को दूर कियाद्य शिविर में प्रोफेसर 'योति दायमा, प्रोफेसर मीनाक्षी तोगास, प्रोफेसर प्रवीण बिजारणिया, प्रोफेसर रमेश जांगिड़, प्रोफेसर पवन खत्री, प्रोफेसर मंजू डैला, प्रोफेसर मुकेश शर्मा ने सहयोग किया द्य प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

मतदान कार्मिक शपथ दिवस मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजगढ़ नगर पालिका में शुक्रवार को मतदान कार्मिक शपथ दिवस मनाया गया। अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा तथा थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलवाई गई। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मतदान से संबंधित कर्मचारियों तथा अन्य कार्मिकों को इस आशय की शपथ दिलवाई गई कि मतदान के दौरान वह निष्पक्षता और पारदर्शिता से मतदान करवाएंगे और मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाएंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जगबीर सिंह ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनीता गोस्वामी ने स्वयंसेवकों ,विद्यार्थियों और शिक्षक गण एवं कार्मिकों को सामूहिक मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों को मतदान में बढ़ चढक़र भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता संबंधित गतिविधियों में सहभागिता करने तथा साइबर क्राइम से सचेत रहने के लिए कहा। महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉक्टर नरेश कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पृष्ठभूमि से लेकर इसके महत्व को विद्यार्थियों को समझाया तथा विभिन्न प्रकार की मतदाता एप्लीकेशंस जैसे वॉटर हेल्पलाइन एप सी विजील आदि के बारे में बताया। सादुलपुर उपखंड अधिकारी श्रीमती मीनू वर्मा ने महाविद्यालय परिसर में आयोजित उपखंड स्तर के मतदाता दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अपने उद्बोधन द्वारा विद्यार्थियों को मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सादुलपुर राजगढ़ तहसीलदार धीरज झाझरिया ने विद्यार्थीयों एवं उपस्थित सभी गणमान्यों को मतदान की शपथ दिलवाई। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया । पोस्टर प्रतियोगिता में नवीन और कशिश का ग्रुप प्रथम रहा, सिमरन और तन्वी का ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र वर्मा, भगत सिंह, जगदीश पूनिया, जसविंदर सिंह, राकेश एवं अन्य नागरिक गण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह हुआ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

कोलसिया। श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विधार्थी सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह हेमंत दूत रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने की। 25 भामाशाहों का सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुमेर सिंह व अनिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

बालिका हेतमसर में मनाया गया वार्षिकोत्सव, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

मंडावा। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर में वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह एसडीएम मुनेश कुमारी के मुख्य आतिथ्य और सुमन सेखसरिया की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर एसीबीईओ दामोदर जांगिड़, संबलनकर्ता एपीसी समसा कमलेश तेतरवाल और डाइट व्याख्याता राजबाला ढाका उपस्थित थे। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। विनोद बुडानिया, शुभकरण सैन, सुशील बुडानिया, सुरेंद्र मील, मदनलाल, जगदीश पूनियां, भागीरथमल ढाका, संजीव कुमार, हरिसिंह शर्मा, सज्जन शर्मा, शंकरलाल शर्मा, सुभाष कस्वां, देवकरण श्योराण, रामप्रताप डारा, चंद्रपाल कस्वां, शिशुपाल मील, किरोड़ीलाल, मुरलीधर शर्मा, मूलचंद महरिया, बजरंगलाल डारा सहित ग्रामवासी और विद्यालय परिवार सदस्य उपस्थित थे। संचालन सुभिता चौधरी ने किया।

हेतमसर कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जागरुक टाइम्स संवाददाता

मंडावा। हेतमसर राजकीय कन्या महाविद्यालय में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रिंकू कुमारी प्रथम व सिमरन सैनी द्वितीय स्थान पर रही। प्राचार्या डॉ. सुनिता बेनीवाल ने विजेता सहित अन्य सभी हिस्सा लेने वाली प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय निर्वाचन साक्षरता प्रभारी सुभाषचंद्र सहायक आचार्य ने छात्राओं को मतदान का महत्व और लोकतांत्रिक अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को मतदान शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीएलओ रामावतार व मनोज कुमार भी उपस्थित थे।

वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभाओं को बांटे पुरस्कार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

मंडावा। कस्बे में वार्ड 15 में स्थित राजकीय नानी बाई जयपुरिया बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव में भामाशाह सहित शैक्षिक व खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में भागीदारी निभाने वाली श्रेष्ठ प्रतिभाओं को सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उर्मिला ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, सहयोगकर्ता पितांबर मिश्रा, भाजपा नेता दिनेश धाभाई प्रभारी सीकर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केके जानूं, बालकिशन भाटीवाड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कॉलेज प्राचार्या डॉ. अंदना गौतम, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष छोटेलाल सैनी, अजय सैनी, जितेंद्र सुरोलिया, संजय मील, पूर्व पंचायत समिति सदस्य संपत कुमावत, रामस्वरूप देवड़ा मंचासीन थे। छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। संस्था प्रधान उर्मिला ने वार्षिक प्रतिवेदन सहित शैक्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शांति आनंद सिरस्वा परिवार द्वारा एक छात्रा को गोल्ड व छह को सिल्वर मैडल देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने गुणवत्तापूर्ण के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा को भी अपनानेकी बात कही। इस अवसर पर उर्मिला कुमारी, सुप्यार कुमारी, हेमंत कुमारी, रिछपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, कमला, मंजू जाखड़, चेतना, सरोज, जयश्री, सोनिया, कमला मील, सलमा, आमिना, ओमप्रकाश, विनोद कुमार, राजेश कुमार, नीरज, विशाल, प्रहलाद राय सहित छात्र छात्राएं ओर अभिभावक उपस्थित थे।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ दिया संस्कृति को बचाने का संदेश

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। निकटवर्ती गांव बास बुडाना के चौधरी राधेश्याम जोधाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह रामकुमार सिंह भंवरिया थे। जबकि विशिष्ट अतिथि भामाशाह प्यारेलाल भंवरिया, मनीराम भंवरिया, विद्याधर, हरिसिंह महला, जयकरण गुर्जर, वार्ड पंच सीताराम बास बुडाना, सरदाराराम महला, सत्यवीर भैड़ा, सुभाष भंवरिया एवं मदन गुर्जर थे। इस दौरान विद्यालय स्टाफ की ओर से भामाशाहों का शॉल, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगाएं। तो वहीं देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और राजस्थानी वेशभूषा के साथ संस्कृति बचाने का सुंदर संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर अतिथियों ने नगद राशि पुरुस्कार स्वरूप भेंट की। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी मैडल पहनाकर सम्मान किया। भामाशाह रामकुमार सिंह भंवरिया ने आगे बढ़ते रहने के रूप में संबोधित किया। अन्य अतिथियों ने विद्यालय विकास में निरंतर सहयोग देते रहने के रूप में संबोधित किया। संस्था प्रधान सविता महला ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियां गिनाकर आभार जताया। मंच संचालन अध्यापिका रेखा कुमावत और बीएड प्रशिक्षु रणजीत गुर्जर कोहली ने किया। इस दौरान अध्यापक शीशराम फोगाट, अध्यापिका प्रमिला कुमारी, प्रेमलता सैनी, सीमा सारण, संतोष देवी, प्रवीण भैड़ा, सुधीर नेहरा, यशपाल गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। श्री राधेश्याम आर मोरारका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर लीना व साथियों का ग्रुप रहा। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह के आतिथ्य में इकाई प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंसेवकों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरुक करने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार के पोस्टर भी तैयार किए। कार्यक्रम में यशपाल भांबू ने व्याख्यान द्वारा सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ. आकांक्षा डूडी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार व डॉ. विकास कुमार ने सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. मानसिंह, प्रो. राजवीर सिंह, डॉ. हरिराम आलड़िया, डॉ. सुरेश सहित इकाई प्रथम व द्वितीय के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

वार्ड प्रभारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने वार्डों का किया निरीक्षण

आमजन से गीले व सूखे कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में उपयोग करने का किया आह्वान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में अतुल्य अलवर अभियान के तहत आज वार्ड प्रभारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने वार्डों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सर्वेक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों, कचरा उठाव, ऑटो टिपर तथा स्वच्छता सर्वेक्षण की गतिविधियों आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने आमजन से साफ-सफाई का फीडबैक लेकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने आह्वान भी किया। यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी प्रतीक जुईकर, यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका, बाल संरक्षण विभाग के सहायक निदेशक श्री रविकान्त ने अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण कर आमजन से साफ-सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया।

कचरा सेग्रीगेशन के संबंध में आमजन को किया जागरूक : उन्होंने आमजन से बातचीत कर गीले और सूखे कचरे के लिए पृथक-पृथक डस्टबिन उपयोग करने की समझाईश की। गीले व सूखे कचरे को अलग करने से यह प्रकृति और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि गीले कचरे में बचा हुआ भोजन, फल और सब्जियों के छिलके, मांसाहारी भोजन के अवशेष, कटी हुई घास, टहनियां, सूखे फल व पत्तियां शामिल है तथा सूखे कचरे में कागज, गत्ते का सामान, कांच की बोतले, रबड का सामन, कपडे, जूते, बैग, खिलौने आदि शामिल है। उन्होंने आमजन से कहा कि घर से ही गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर नगर निगम के वाहन में डालें जिससे नगर निगम को कचरा सेग्रीगेशन में काफी सहूलियत हो सकेगी।

आमजन से लिया सफाई व्यवस्था का फीडबैक, मौके पर कराई सफाई : उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें जनभागीदारी अतिआवश्यक है। साथ ही अधिकारीगणों ने सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया। उन्होंने अतुल्य अलवर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निगम द्वारा निस्तारण गया है उसका भौतिक सत्यापन किया और आमजन से शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया।नागरिकों ने कहा कि अतुल्य अलवर अभियान से अलवर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। साथ ही शहर के सौन्दर्यकरण की दिशा में भी अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने ऑटो टिपर के समय पर आने की जानकारी लेते हुए मौके पर ही आमजन शिकायतों का समाधान किया। साथ ही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के सुझाव लिए। इसके बाद अधिकारियों ने संबंधित वार्डों में नालों व नालियों की नियमित साफ-सफाई का भौतिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

विनायक अंडर-17 कप सेमीफाईनल

आदित्य सैनी के धुआंधार शतक से नारायणा-एडी की आसान जीत

मैन ऑफ द मैच विकास मंजू रहे

जयपुर। विनायक क्रिकेट ग्रांउड निमेडा द्वारा आयोजित विनायक

अंडर-17 क्रिकेट कप मे गुरुवार को नारायणा-एडी व जीआर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें नारायणा एकेडमी 3 रन से विजयी हुयी। इस में नारायणा एकेडमी ने पहले खेलते हुए 45 ओवर में 9 विकेट होकर 293 रन बनाये। जिसमें आदित्य सैनी ने 106 रन, श्रीवासन सेन ने 78 रन व विकास मंजू ने 5 विकेट लिए, जवाब मे जीआर क्रिकेट एकेडमी ने 44.5 ओवर में ऑल आउट हो गए जिसमें सचिन जाट ने शानदार 136 रन (102 गेंद, 20 चौके,1 छक्के) व प्रथम देवासी 71 रन तथा अर्श रावत 3 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विकास मंजू रहे।

शहीद महेंद्रसिंह स्कूल सोनासर में वार्षिकोत्सव संवाद का आयोजन

झुंझुनूं। शहीद महेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनासर का वार्षिकोत्सव संवाद शनिवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज मील ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ व ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों और इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने जानकारी दी कि उपभोक्ता अपने अधिकारों का उपयोग तभी कर पाएंगे जब किसी सेवा का उपभोग करने या कोई वस्तु को खरीदने पर उसके बदले में चुकाई गई राशि का बिल भी हमारे पास होगा। बिना बिल उपभोक्ता संबंधी कानूनों के दायरे से बाहर होंगे।

बच्चों के विवाद में बड़ों में हुआ झगड़ा, दो सगे भाई घायल, एक धौलपुर रेफर

बाड़ी। धौलपुर जिले में बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के चोखापुरा गांव में शनिवार की सुबह बच्चों की आपसी कहासुनी ने ऐसा तूल पकड़ा की देखते ही देखते दो पक्ष आमने-सामने हो गए। घटना में एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष के लोगो पर हमला कर दिया। जिसमें दो सगे भाई घायल हुए है। जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर धौलपुर जिला चिकित्सालय रेफर किया है। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिकित्सालय में भर्ती दोनों घायलों के साथ आई महिला गुड्डी ने बताया कि-शुक्रवार की शाम खेलने के दौरान उनके और पड़ोसियों के छोटे बच्चों में आपसी कहासुनी हो गई थी। जिसको उन लोगों ने शांत भी करा दिया था। बाद में पड़ोसियों ने रात में आकर घर पर गालियां दी। जिसको गांव वालों ने समझा-बुझाकर शांत करा दिया। आज सुबह जब सब लोग खेतों पर गए थे। उनके पति शिवचरण और देवर शिवसिंह घर पर थे। इस दौरान आरोपी पड़ोसी रघुवर और अन्य लोग उनके घर पर आकर शिवचरण को घेरकर हमला बोल दिया। चीखने की आवाज सुनकर जब छोटा भाई

कर्तव्य बोध दिवस के तहत एनएमटी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के तत्वावधान में स्थानीय राजकीय सेठ एनएमटी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में सोमवार को कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. शशिप्रकाश अहलावत ने विषय का प्रतिपादन करते हुए कर्तव्य बोध दिवस की उपादेयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा संपूर्ण देश में प्रतिवर्ष 12 जनवरी विवेकानंद जयंती से 23 जनवरी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के मध्य कर्तव्य बोध दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संगठन के जिला सचिव डॉ. विकास भड़िया ने बताया कि समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक मर्यादाओं के अनुरूप कर्तव्य का पालन करें तो देश उन्नति के पथ पर निरंतर बढ़ता रहेगा। इसलिए प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए तथा संविधान में उल्लेखित कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने पंच परिवर्तन से राष्ट्र के पुनरुत्थान का आह्वान किया। किशोर कुमार ने छात्राओं को कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की वरिष्ठ संकाय सदस्या डॉ. सिद्धि जोशी ने कहा कि जब तक हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन नहीं करेंगे। तब तक हम एक अच्छे मनुष्य के रूप में समाज में अपने आप को स्थापित नहीं कर सकते। उन्होंने छात्राओं को कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

हवासिंह भूरिया बने गुढ़ा विधानसभा के प्रभारी व सलाहकार

गुढ़ागौड़जी। श्री राष्ट्रीय वीर जाट सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चौधरी ने गुढ़ागौड़जी के हवासिंह भूरिया के द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति कि सेवा के कार्य को देखकर श्री राष्ट्रीय वीर जाट सेना का गुढ़ागौड़जी विधानसभा प्रभारी व सलाहकार के पद पर नियुक्त किया।

स्वेटर, जूते, जुराब, पाठ्य सामग्री का वितरण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभजी खेतान परिवार झुंझुनूं के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पांच सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण के क्रम में तृतीय दिवस शनिवार को वार्ड नंबर 46 जैन दादाबाड़ी के समीप डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ समाजसेवी पवन पुजारी थे। इस मौके पर स्कूल प्रधानाध्यापिका माया मीणा, अध्यापक सज्जाद हुसैन, सुनिल कुमार वर्मा, दुर्गाप्रसाद जांगिड़ एवं क्षेत्र के सोहनलाल जैदिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पूर्व अतिथियों का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने दुपट्टा ओढ़ाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेटंकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। ट्रस्ट, खेतान परिवार एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। उन्होंने बच्चों को मोटिवेशन देते हुए सफलता के गुर भी सिखाए।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धनौंरा में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

जागरुक टाइम्स संवाददाता

बाड़ी। धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड क्षेत्र के स्मार्ट विलेज धनौंरा गांव के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन और वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य राउमावि बिजौंली तथा विशिष्ट अतिथि बच्चूसिंह मीणा समाजसेवी,रामजीलाल मीणा पूर्व सरपंच, रामकेश मीणा पूर्व उपसरपंच धनौंरा,रामदास मीणा प्रधानाध्यापक करेरुआ,समरथसिंह प्रधानाध्यापक गडरपुरा, रघुराज सिंह प्रधानाध्यापक करेरुआ का पुरा,मीना परमार प्रधानाध्यापिका उमरी,रवी कुमार प्रधानाध्यापक रजापुर, बबीता मीणा प्रधानाध्यापिका जहानपुर,प्रवेश कुमार प्रधानाध्यापक सौहांस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार उपाध्याय प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धनौंरा द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम मंच का संचालन जसवंत सिंह मीणा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प माला पहनाकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मंच का संचालन कर रहे जसवंत सिंह मीणा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि-वो खुद ही नाप लेते हैं बुलंदी आसमानों की,परिंदों को नहीं तालीम दी जाती उड़ानों की,महकना और महकाना तो काम है खुशबू का, खुशबू नहीं मोहताज होती कद्रदानों की,मान्यवर उपकार है ये आपका स्वागतम ही स्वागतम है आपका। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि-वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जन को मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। प्रधानाचार्य उपाध्याय ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक प्रस्तुत कर समाज में फैली दहेज प्रथा, बाल-विवाह आदि कुरीतियों पर विराम लगाने के लिए उपस्थित समाज के लोगों को संदेश दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले तथा बोर्ड परिक्षाओं मे प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्तिपत्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय में अध्यनरत छात्रा खुशबू शर्मा ने कक्षा 8वीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिस पर राज्य सरकार की योजनानुसार जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा धौलपुर द्वारा टेबलेट प्रदान किया गया था।

डिफेंस के मामले में भारत बहुत आगे : यादव

जागरुक टाइम्स संवाददाता

अलवर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज केंद्रीय विद्यालय नंबर एक में भारतीय सेना द्वारा आयोजित 'अपनी सेना को जानो' मेले में शिरकत की। उन्होंने सेना के द्वारा लगाई गई हथियार प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सेना द्वारा अलवर में यह सैन्य मेला आयोजित किया जा रहा है, इसमें सेना के द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन किया गया है, जिसे बच्चों को देखने और समझने का मौका मिला। सेना के द्वारा आयोजित इस प्रकार के मेलों से बच्चो में सेना के प्रति समर्पण भाव और राष्ट्रभक्ति की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि डिफेंस के मामले में भारतीय सेना बहुत आगे निकल चुकी है। 2013-14 में निर्यात लगभग 620 करोड़ था और अब 2100 करोड़ पार कर गया है। मेड इन इंडिया के तहत भारत ने अब अपनी सेना के लिए हथियारों का उत्पादन शुरू कर दिया है। भारत की क्षमताओं को पूरा विश्व देख चुका है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार पहले जिन देशों से सेना के हथियार खरीदती थी अब भारत सरकार उन्हीं देशों को हथियार बेच रही है। उन्होंने कहा कि खेलों का विकास करना भी हमारा मकसद है। जिले में अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत अगले महीने 'अलवर टाइगर मैराथन' दौड़ आयोजित की जाएगी जिसमें राष्ट्रीय स्तर के 100 धावक भी भाग लेंगे। इससे पहले सांसद खेल उत्सव के तहत जिले में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उसके बाद जिले के 10 मैदानों पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता और अन्य खेल आयोजित किए गए थे जहां करीब 20 हजार बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

धूमधाम से मनाया जायेगा देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

जागरुक टाइम्स संवाददाता

बाड़ी। धौलपुर जिले के उपखंड में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उपखंड स्तरीय समारोह शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आयोजित होगा। जिसमें 9 बजे उप जिला कलेक्टर हेमंत कुमार घनघोर तिरंगा लहरायेंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा मार्च पास्ट के साथ शारीरिक व्यायाम किया जाएगा साथ में विभिन्न निजी और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी मंच पर सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान उपखंड के विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारियों और स्कूली टीचर्स के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया जाएगा। बाड़ी उप जिला कलेक्टर हेमंत कुमार घनघोर ने बताया कि- 76वां गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर मनाया जाएगा। ठीक 9 बजे होगा इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उपखंड स्तर पर विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी एवं स्कूली टीचर्स के साथ प्रतिभावान विद्यार्थी जो जिन्होंने विशेष योगदान दिया है या विशेष उल्लेखनीय कार्य किया है उन्हें ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उपखंड स्तरीय समारोह में बाड़ी शहर के निजी और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी योग अभ्यास और व्यायाम करेंगे। करीब 300 बच्चे मार्चपास्ट कर तिरंगे को सलामी देंगे। इसके लिए पिछले एक सप्ताह से तैयारी चल रही हैं। शारीरिक टीचर रामनिवास ने बताया कि यह आयोजन बेहतर से बेहतर हो इसको लेकर बच्चों को शारीरिक व्यायाम सिखाए गए।

महाकुंभ मेले में देशभर से आए 50 हजार भिखारी

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर एक महिला तड़पती दिखी। हाथ में गंभीर घाव। सामने एक थाली है। वह बार-बार हाथ ऊपर उठाकर आने-जाने वालों को अपने घाव दिखाती। श्रद्धालु सिक्के, नोट और अनाज डालकर आगे बढ़ जाते। शाम को वह पैसे समेटकर उठी। एक व्यक्ति के साथ मिलकर बोरी में अनाज भरी और चली गई। ऐसे दृश्य महाकुंभ मेले में आम हैं। एक समूह में महिलाएं, पुरुष और बच्चे हाथ-पैर में घाव के निशान लगाकर संगम में पहुंचे हैं। वे दिनभर भीख मांगते हैं, फिर वापस चले जाते हैं।

भिखारी कहां-कहां से आए

पुलिस के मुताबिक, मेला शुरू होने से पहले करीब 7 हजार भिखारी थे। जैसे ही महाकुंभ मेला शुरू हुआ भिखारियों की संख्या बढ़ती चली गई। अब यह संख्या 50 हजार तक पहुंच गई है। इसमें ज्यादातर प्रयागराज जिले के ही हैं। कुछ पड़ोसी जिले प्रतापगढ़, मिर्जापुर, चित्रकूट, वाराणसी और कौशांबी के हैं। इसके अलावा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के भिखारी भी आए हैं।

जो एक्टिंग में ज्यादा माहिर वह सबसे प्राइम लोकेशन पर

प्रयागराज महाकुंभ 25 सेक्टर में फैला है। यह पूरा एरिया 40 वर्ग किलोमीटर में है। 10 वर्ग किलोमीटर का एरिया प्राइम लोकेशन है। इसमें संगम घाट, किला, अक्षय वट, प्रमुख अखाड़े और लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर आता है। यहां आप जिधर भी जाएंगे, आपको भीख मांगते लोग नजर आएंगे। अगले दिन आप फिर जाएंगे तो आपको भिखारी उसी जगह पर दिखाई देंगे। भिखारियों ने अपनी जगह फिक्स कर ली है। कोई भी किसी और की जगह पर बैठकर भीख नहीं मांग सकता। हम संगम नोज पर पहुंचे। महाकुंभ में आए हर श्रद्धालु की इच्छा होती है संगम पर पहुंचे और डुबकी लगाए। इसलिए यहां सुबह से लेकर रात तक लगातार भीड़ रहती है। भीख मांगने के लिहाज से देखा जाए तो यह सबसे प्राइम लोकेशन मानी जाती है। यहां हमें एक लाइन से करीब 100 भिखारी बैठे नजर आए। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। उसके बाद बच्चियों की और फिर बुजुर्ग बैठे दिखे।

किसी के हाथ तो किसी के पैर में गंभीर घाव

संगम घाट के सबसे नजदीक एक महिला भिखारी लेटी थी। शरीर को शॉल से ढक रखा था। घाव वाला हाथ बाहर निकला था, उसी को बार-बार ऊपर-नीचे कर रही थी। आने-जाने वाले लोग उसकी इस दुर्दशा पर तरस खाते और अपने साथ लाए अनाज दे देते। जो अनाज नहीं लाए थे वह पैसे देते। इसके ठीक पीछे जो महिलाएं थीं उनके भी हाथ में चोट थी। इनकी एक लंबी लाइन थी। हर 10 फीट पर एक भिखारी था। हम यहां करीब 2 घंटे रुके। इनकी हर एक्टिविटी को समझा। शाम हुई तो सभी ने अपना सामान समेटना शुरू किया। हमने कुछ भिखारियों से उनके घाव को लेकर बात की। इस पर सभी ने घाव छिपा लिया। कैमरा देखकर कोई भी बात करने को तैयार नहीं हुआ। सबने अपना चेहरा तक छिपा लिया। हमारी कोशिश थी कि पता करें कि ये घाव कैसे तैयार करते हैं? क्या लगाया जाता है? क्योंकि इसमें छोटी उम्र की बच्चियां भी शामिल थीं।

पैसे के लिए यह सब करते हैं

हमने कैमरा छिपा लिया। एक भिखारी से पूछा क्या यह घाव असली हैं? वह कहता है सबके घाव नकली हैं। सभी गरीब हैं, इसलिए ऐसा करके भीख मांग रहे हैं। एक महिला से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। वह लगातार कहती रही यहां से चले जाओ। इसी तरह से एक लड़की से हमने कहा, तुमको अगर इतना घाव है तो बताओ हम लोग इलाज करवाते हैं, लेकिन वह लगातार घाव छिपाने की कोशिश में लगी रही।

जानवरों की चर्बी से तैयार करते हैं घाव

हम जानना चाहते थे घाव कैसे बनाया है? इसके लिए हमने कई लोगों से संपर्क किया। लोग ऑफ कैमरा बताते हैं, यह जानवरों की चर्बी होती है। इसे बकायदा घाव जैसा डिजाइन करते हैं। इसमें सुलेशन लगा देते हैं, इसकी वजह से मक्खियां इससे दूर रहती हैं। कई बार इसके ऊपर दर्द निवारक कोई बाम लगा दिया जाता है, इससे भी मक्खियां नहीं बैठतीं और घाव ताजा नजर आता है। ये भिखारी इसे हर दिन ऐसे ही ताजा करते हैं। अक्षय वट और हनुमान मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों पर भिखारियों ने अपनी जगहें फिक्स कर रखी हैं। इनकी एक्टिंग इतनी प्रभावी होती है कि श्रद्धालु उनके घावों को देखकर दान करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन घावों को तैयार करने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे ये घाव ताजा और दर्दनाक दिखते हैं। इस प्रक्रिया में अक्सर दर्दनिवारक बाम भी लगाया जाता है, ताकि मक्खियां घाव पर न बैठें और वह ताजगी बनाए रखे। इन भिखारियों से उनके घावों के बारे में पूछा, तो उन्होंने इसका खुलासा किया कि यह घाव नकली होते हैं और केवल भीख मांगने के लिए बनाए जाते हैं। इस दौरान कई भिखारी कैमरा देखकर अपना चेहरा छिपाने लगते हैं और बात करने से मना कर देते हैं। इसके बावजूद, कुछ भिखारी बताते हैं कि उनका परिवार भी इसी व्यवसाय में शामिल है और वे कुंभ में भीख मांगने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

लोग ऑफ कैमरा बताते हैं, यह जानवरों की चर्बी होती है। इसे बकायदा घाव जैसा डिजाइन करते हैं। इसमें सुलेशन लगा देते हैं, इसकी वजह से मक्खियां इससे दूर रहती हैं।

हनुमान मंदिर पर फिक्स भिखारी

संगम के अलावा सबसे ज्यादा भिखारी लेटे हुए हनुमान मंदिर के पास दिखाई देते हैं। यहां जो भीख मांगते हैं, वह लंबे समय से हैं। कॉरिडोर बन जाने की वजह से अब इन्हें अंदर एंट्री नहीं मिलती, इसलिए यह मंदिर से निकलने वाले रास्ते पर एक कतार में बैठे दिखाई देते हैं। जो नए भिखारी आए वह यहां दूर बैठ रहे हैं। हनुमान मंदिर के आसपास करीब 500 भिखारी बैठे नजर आते हैं। यहां नकली घाव वाले नहीं दिखते। प्रमोद यहां करीब 10 साल से भीख मांग रहे हैं। उनकी दोनों आंख नहीं है। भारी भीड़ के चलते अब उन्हें भी हटा दिया गया है। वह मंदिर से 100 मीटर दूर पर खड़े होकर भीख मांगते हैं। हमने उनसे बात की। वह कहते हैं, सुबह 8 बजे आ जाता हूं और रात में वापस जाता हूं। प्रशासन ने गेट से हटा दिया। हमने कहा भी कि हम कहां जाएं, उन्होंने कह दिया कि यहां से हटकर दूसरी तरफ चले जाओ।

कुंभ में नागा बनाने वाले होंगे राज

हमारे लिए उनका नाम तो सामान्य था, लेकिन नाम के आगे लगी उपमा यानी कि बर्फानी अजीब लगा। हमने पूछा आपने नाम के आगे बर्फानी क्यों लगाया है? मुनिंदर भारतीय ने बताया कि देश के चार स्थलों पर कुंभ लगता है।

जिस साधु का जहां नागा संस्कार होता है, उसे वहां के हिसाब से उपाधि दी जाती है। जो साधु प्रयागराज में कुंभ के अमृत स्नान (शाही स्नान) के दौरान नागा बनते हैं उन्हें राज राजेश्वरी, जो हरिद्वार में बनते हैं उन्हें बर्फानी, जो नासिक में बनते है उन्हें खिचड़िया और जो उज्जैन के सिंहस्थ (कुंभ) में नागा बनते है, उन्हें खूनी की उपाधि दी जाती है। हमारा संस्कार हरिद्वार के कुंभ में हुआ था, इसलिए हम अपने नाम के आगे बर्फानी लगाते हैं।

देवी-देवता बनकर भीख मांग रहे बच्चे

हनुमान मंदिर के आसपास तमाम बच्चे देवी-देवताओं के गेटअप में तैयार होकर भीख मांगते हैं। इसमें ज्यादातर भगवान शिव व कृष्ण बनते हैं। कई बार ये पैर पकड़ लेते हैं, जब तक पैसा नहीं मिलता तब तक छोड़ते नहीं। ऐसी ही एक लड़की सुषमा (बदला नाम) मिली। 8 साल की सुषमा, राधा बनती है। वह बताती है कि एक हफ्ते पहले प्रयागराज के ही कोरांव से आए हैं। एक घंटा तैयार होने में लगते हैं। मम्मी भी मेरी तरह तैयार होकर यही काम करती हैं। हमने पूछा-कितना पैसा मिल जाता है? वह कहती है, 500-600 रुपए मिल जाते हैं। कल 500 रुपए मिले थे। हम गंगा नदी पार कर सेक्टर 20 पहुंचे। यहां सारे प्रमुख अखाड़े हैं। यहां पीपा पुल 6 और 7 के बीच तमाम भिखारी दिखे। इसमें 50 प्रतिशत बच्चे थे। यह सभी प्रयागराज के नहीं हैं। कुछ ही दिन पहले कुंभ में भीख मांगने के लिए आए हैं। हमने एक लड़के से पूछा-कहां से आए हो? उसने गांव का नाम जमालपुर बताया। यह गांव असल में जौनपुर में पड़ता है। इस इलाके से करीब 500 लोग कुंभ में भीख मांगने पहुंचे हैं।

भिखारियों को हटाने के लिए पुलिस की 5 टीम बनीं

भिखारियों के वेरिफिकेशन और पूछताछ के लिए कुल 5 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम में दो इंस्पेक्टर और 12 सिपाही हैं।

भिखारियों से कैसे निपटा जा रहा, इसकी जानकारी लेने हम मेला प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। वहां हमें सीओ विनय कुमार सिंह मिले। वह कहते हैं, भिखारियों के वेरिफिकेशन और पूछताछ के लिए कुल 5 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम में दो इंस्पेक्टर और 12 सिपाही हैं। विनय कुमार ने बताया कि भिखारियों को नैनी के वृद्धा आश्रम में करीब दो घंटे तक रखा जाता है, इस दौरान उनकी पूरी डिटेल नोट होती है। इसके बाद उन्हें वापस घर जाने के लिए कह दिया जाता है, लेकिन ज्यादातर भिखारी फिर महाकुंभ क्षेत्र में ही आ जाते हैं।

महाकुंभ में दान का महत्व, इसलिए भिखारी चले आते हैं

भिखारियों के विषय में और जानकारी के लिए हम महाकुंभ पर कई किताबें लिख चुके हैं। वह कहते हैं, महाकुंभ में स्नान, ध्यान और दान की परंपरा है, यह पूरी दुनिया में मशहूर है, यही वजह है कि इस दान की परंपरा का लाभ उठाने के लिए, बहुत सारे भिखारी व भिखारी भेष में लोग पहुंच आते हैं।

पुलिस हर दिन उठाकर बाहर ले जा रही

हनुमान मंदिर पर हमें संदीप मिले। संदीप दोनों पैर से दिव्यांग हैं, भीख मांगते हैं। हमने पूछा जो लोग कल थे, वह कहां गए? वह कहते हैं, रात में एक गाड़ी आई थी सबको भर ले गई। ऐसे ही हमेशा आती है, किसी को नैनी तो किसी को कहीं और छोड़ आती है।

क्या है वायरल पोस्ट की सच्चाई ?

जांच के लिए हमने दावे से मिलते-जुलते की वर्ड्स गूगल पर सर्च किए। जांच के दौरान ऐप पर 13 जनवरी, 2025 को प्रकाशित एक खबर मिली। खबर में बताया गया था। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के महाकुंभ में कैंप के बाहर से पुलिस ने अयूब नाम के संदिग्ध युवक को पकड़ा है। दावा किया जा रहा है कि वह आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मंगलवार तड़के यति नरसिंहानंद गिरी के कमरे के बाहर अखाड़े के संतों ने शक के आधार पर युवक को पकड़ा। पहले उसने यति से मिलने के लिए आने की बात कही। अपना नाम आयुष बताया। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसका असली नाम अयूब निकला। उधर, महाकुंभ से यति का बड़ा बयान सामने आया है।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

जागरूक टाइम्स

वंदे मातरम्

जयपुर, रविवार, 26 जनवरी, 2025

मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है

गणतंत्र दिवस को लेकर हर कोई उत्साहित नजर आ रहा है। शहर में तिरंगे नजर आने लगे है। जिस चौराहे पर नजर डालो केसरिया, सफेद और हरा रंग ही नजर आ रहा है। बच्चों और युवाओं में इस पर्व को लेकर उत्साह और जोश तो देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों के अलावा जगह-जगह छोटे बड़े झंडे की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दी है। साथ देशभक्ति का जज्बा दिखाने के लिए तिरंगे वाली टी-शर्ट,कैप, स्टीकर, बैच, बैंड, पटटी के अलावा फेसटैटू का भी इस काफी क्रेज है। छोटे बच्चों में तिरंगे कपड़े का जो क्रेज रहता है वह अभी नजर नहीं आ रहा है। हालांकि सभी तरह के तिरंगे आ चुके है। लोग गाड़ियों पर लगाने के लिए छोटे झंडे अवश्य ले रहे है। शहर के विभिन्न बाजार सड़कों के किनारे छोटी तिरंगा, पताका से लेकर बड़े झंडे दुकानों पर उपलब्ध है।

हर साल 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है गणतंत्र दिवस

देश इस साल अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। यह दिन भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक रूप से अपनी सरकार चुनने की शक्ति को दर्शाता है। भारत के इतिहास में यह दिन कई तरह से महत्वपूर्ण है।

यही वजह है कि इस दिन को पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय त्योहार की अपनी अलग खासियत है, जिसके चलते लोग इसे धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है। अगर आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा है, तो आज हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में।

गणतंत्र दिवस का इतिहास

दरअसल, हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन पूरे देश में संविधान लागू किया गया है। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत को पूर्ण गणराज्य घोषित किया गया था। यही वजह है कि हर साल इस खास दिन की याद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। साल 1947 में भारत को मिली आजादी के बाद इसे लोकतांत्रिक बनाने के मकसद से देश का संविधान बनाना शुरू किया गया। 2 साल 11 महीने और 18 दिन में बनकर तैयार हुए भारत के संविधान को 26 नवंबर, 1949 में देश की संविधान सभा ने स्वीकार किया। इसके बाद अगले ही साल 26 जनवरी, 1950 को पूरे देश में यह संविधान लागू किया गया था।

26 जनवरी का महत्व

26 नवंबर को स्वीकार किए गए भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही क्यों चुना गया, यह सवाल लगभग हर भारतीय के मन में आता होगा। संविधान लागू करने के लिए इस तारीख को चुनने का भी एक खास मकसद था। दरअसल, 26 जनवरी 1930 को अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित किया था। ऐसे में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की इस तिथि के महत्व को ध्यान में रखते हुए संविधान लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन चुना गया था। 1950 में इसी दिन संविधान लागू करने के साथ ही देश को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया और तब से लेकर अब तक हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।

दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान

आजादी के साथ ही देश के लिए एक संविधान की जरूरत भी महसूस हुई। ऐसे में इसे बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन हुआ था। इस सभा ने 9 दिसंबर, 1946 से संविधान बनाने का काम शुरू किया। भारत की इस संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद थे। जबकि संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर थे। डॉ.अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में एक अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से उन्हें संविधान निर्माता भी कहा जाता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बनाने में पूरे 2 साल, 11 माह, 18 दिन लगे थे। इसके बाद 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को देश का संविधान सौंपा था। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गणतंत्र दिवस के परेड में निकलने वाली झाकियों का चयन रक्षा मंत्रालय की एक कमिटी द्वारा किया जाता है। हर साल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से झाकियों के लिए सुझाव मांगे जाते हैं। उसके बाद जब सभी राज्य अपने सुझाव उन्हें भेजते हैं तो कमिटी उन पर चर्चा करती है. उसके बाद ही किसी भी राज्य की झाकियों का चयन होता है।

ध्वजारोहण और झंडा फहराना

15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय ध्वज को ऊपर खींचा जाता है और फिर फहराया जाता है। दरअसल जिस दिन भारत को आजादी मिली थी, उस दिन ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपना झंडा उतारकर भारत के तिरंगे को ऊपर चढ़ाया था, इसलिए हर साल 15 अगस्त को तिरंगा ऊपर खींचा जाता है इसके बाद फहराया जाता है। इस प्रक्रिया को ध्वजारोहण कहते हैं वहीं, 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस वाले दिन राष्ट्रीय ध्वज ऊपर बंधा रहता है उसे केवल फहराया जाता है। यही वजह है कि उसे ध्वजारोहण नहीं बल्कि झंडा फहराना कहते हैं।

सबसे पहले कहां हुई थी रिपब्लिक डे की परेड

गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था 26 जनवरी के दिन देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्यपथ पर परेड का आयोजन किया जाता है। इस परेड में देश की तीनों सेना जैसे थलसेना, जलसेना और वायुसेना भी शामिल होती हैं। देश के राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और इसी के साथ 21 तोपों की सलामी भी दी जाती है। आपको बता दें कि इस साल भारत 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस से जुड़ी वो बातें, जिनके बारे में तमाम लोग नहीं जानते हैं। 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड की शुरूआत 1950 में आजाद भारत का संविधान लागू होने के साथ हुई थी वर्ष 1950 से 1954 तक गणतंत्र दिवस की परेड राजपथ पर न होकर, चार अलग-अलग जगहों पर हुई थीं 1955 से गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन राजपथ पर शुरू किया गया। तब राजपथ को 'किंग्सवे' के नाम से जाना जाता था तभी से हर साल 26 जनवरी का आयोजन यहीं पर होने लगा।

मुख्य अतिथि: भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो थे।

1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर: 1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर होने लग गया और यहां सेना परेड करने लग गई।

21 तोपों की सलामी: गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर तिरंगा फहराया जाता है। फिर राष्ट्र गान गाया जाता है और 21 तोपों की सलामी होती है।

बहादुरी पुरस्कार: 1957 में सरकार ने बच्चों के लिए राष्ट्रीय बहादुरी पुरस्कार शुरू किया, जो कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र में बहादुरी के लिए गणतंत्र दिवस पर दिया जाता है।

सबसे बड़ा लिखित संविधान: 395 अनुच्छेदों और 8 अनुसूचियों के साथ भारतीय संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

कैसे चुना जाता है मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि किसे बनाना चाहिए, इसको लेकर विदेश मंत्रालय कई बातों पर काफी सोच विचार करता है इसमें सबसे पहले भारत और उस देश के संबन्धों को ध्यान में रखा जाता है और ये देखा जाता है कि उस देश के साथ हमारे देश की राजनीति, सेना और अर्थव्यवस्था का क्या और कितना कनेक्शन है। इस बात पर भी विचार किया जाता है कि कहीं आमंत्रित अतिथि को बुलाने से किसी अन्य देश से संबन्ध वगैरह तो खराब नहीं होंगे इन सभी पहलुओं पर सोच विचार करने के बाद विदेश मंत्रालय मुख्य अतिथि के नाम पर अपनी मोहर लगाता है। इसके बाद इस मामले में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मंजूरी ली जाती है। मंजूरी मिलने के बाद देश के राजदूत मुख्य अतिथि की उपलब्धता के बारे में पता लगाने की कोशिश करते हैं क्योंकि किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष का व्यस्त शेड्यूल होना आम बात है। यही वजह है कि विदेश मंत्रालय की ओर से संभावित मुख्य अतिथि के लिए एक लिस्ट तैयार की जाती है, जिसमें कई ऑप्शंस रहते हैं। मुख्य अतिथि की उपलब्धता का पता लगाने के बाद भारत और आमंत्रित मुख्य अतिथि के देश के बीच आधिकारिक रूप से बातचीत होती है और सब कुछ तय होने के बाद मुख्य अतिथि के नाम पर मोहर लगती है। गणतंत्र दिवस पर किसे मुख्य अतिथि के आमंत्रण और उनके स्वागत-सत्कार की प्रक्रिया करीब छह महीने पहले से शुरू हो जाती है। इस बीच उन्हें निमंत्रण भेजना और निमंत्रण स्वीकार किए जाने के बाद मुख्य अतिथि के आने पर ठहरने और पूरी तरह से विशेष तरह मेहमान नवाजी देने की व्यवस्था, विशेष भोज वगैरह कई कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जाती है।

कैसे होता है मुख्य अतिथि का सत्कार

भारत में गणतंत्र दिवस के मौके पर आए मुख्य अतिथि का विशेष स्वागत-सत्कार किया जाता है। मुख्य अतिथि कई औपचारिक गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं। उन्हें भारत के राष्ट्रपति के सामने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाता है। दोपहर में मुख्य अतिथि के लिए प्रधानमंत्री द्वारा भोजन का आयोजन किया जाता है। शाम को राष्ट्रपति उनके लिए विशेष स्वागत समारोह आयोजित करते हैं।

संविधान कितने दिन में हुआ तैयार

पूरा संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर, 1949 को पूरा हुआ था। वहीं इसे पूरे भारत में 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हाथ से लिखे हुए संविधान पर 24 जनवरी 1950 में 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसमें करीब 15 महिलाएं भी शामिल थीं। 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया। यह ऐतिहासिक क्षणों में गिना जाने वाला समय था। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इस दिन देशभर में राष्ट्रीय अवकाश रहता है।

जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा गर्माया

▶▶ पंचायत समिति की साधारण सभा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर। कस्बे के पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की साधारण बैठक प्रधान श्रवणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विकास अधिकारी महेशसिंह ने गत बैठक कार्रवाई का अनुमोदन कर कार्रवाई शुरू की। गत बैठकों में बिजली विभाग व जलदाय विभाग के शिकायतों का निस्तारण नहीं होने को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर कर जिला स्तर के सक्षम अधिकारियों को उपस्थित रहने की मांग की गई। पंचायत समिति सदस्य धोकलराम, बन्नाराम जाणी, जोगसिंह कांकराला, हरीसिंह सुरपुरा, रोड़वा प्रशासक पूरणराम, नेवरी प्रशासक पीराराम महिया, कुड़ी प्रशासक मानाराम पालीवाल, ढाणी सांखला प्रशासक मेहताबसिंह करनोत, मूल की ढाणी प्रशासक हनुमानसिंह, बलाऊजाटी प्रशासक मूलाराम मूंढ़, भोपालसिंह मंडली ने जेजेएम योजना मे पड़े अधूरे कार्य को पूरा करवाने व वंचित ढाणियों को पेयजल से जोड़ने को लेकर पीएचईडी के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। कल्याणपुर प्रशासक दौलाराम कुआं ने जनता जल मिशन में प्रोजेक्ट, विभाग के अधिकारी व ठेकेदार बंदर बांट करने में लगे हुए हैं, अनियमितता से कार्य करते हुए सरकार को चुना लगा कर अधूरा काम छोड़ दिया गया। समिति की पिछली बैठकों में भी जनता जल मिशन को लेकर शिकायतें की गई कि ठेकेदारों के खिलाफ पीएचईडी के अधिकारियों को जांच करने की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल जबाव किए गए कि शिकायतों के बावजूद जर्जर पोल, ढीले तार, गलत बिजली बिल, वंचित ढाणियों में कनेक्शन अभी तक नहीं किए गए। लाइनों के रखरखाव करने वाले ठेकेदार के अवैध वसूली पर नकेल कसने की मांग की गई। स्कूलों में रिक्त पदों को भरने या वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई।

मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक, गूंजीं वेद ऋचाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। भूतेश्वर वन क्षेत्र स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में जनकल्याण के लिए वैदिक ऋचाओं के बीच विधि विधान से रुद्राभिषेक किया गया। पं अशोक शास्त्री के अनुसार पं जीवनकिशोर जोशी एवं रोहित जोशी के आचार्यत्व में वेदपाठी पंडितों ने गणपति पूजन एवं रुद्राभिषेक किया। भजन गायक गणपत जोशी, राजेंद्र व्यास, विजेश व्यास, प्रकाशकुमार, हरीश भाटी, बाबूलाल सेन एवं शिवराम समेत अन्य ने भगवान शिव को समर्पित एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। आचार्य पं अशोक दवे ने अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना दिवस पर सनातन धर्म की आस्था अनुसार मंदिर बनने पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान भानुकुमार दवे, शेखरकुमार, गौतम दवे, सुधाकर दवे, योगेश्वर त्रिवेदी, श्रीमती संतोष त्रिवेदी, गिरिजा दवे, मनीष त्रिवेदी, यज्ञ त्रिवेदी, डीडी त्रिवेदी, अनिलप्रकाश गोड, कुलदीप देवड़ा, विष्णुदत्त बिस्सा, कैलाशकुमार, सुरेश व्यास, जसवंतराज जैन, सुरेन्द्र कच्छवाह, नरेंद्र वैष्णव, भंवरसिंह सिसोदिया, शैतानसिंह, राजेंद्र वैष्णव, परमेश्वर चौधरी, भरत अग्रवाल, गोपाल गोस्वामी, नारायण माली, रमेशकुमार समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे। इस मौके पर महादेव परिवार का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।

नई सोच, नई उड़ान

शिक्षा में पिछड़े विद्यार्थियों के प्रोत्साहन की नवीन पहल

▶▶ प्रथम चरण में पांच लाख रूपए से प्रोत्साहन राशि भेंट
▶▶ विदेश में सफलता के मुकाम हासिल कर चुकी शख्सियतों से गांव के विद्यार्थीयों का सीधा संवाद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। शिक्षा में पहले पिछड़े लेकिन इस समय पढ़ाई में उल्लेखनीय सुधार लाने वाले प्रेरक विद्यार्थीयों के लिए ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान व रूमा देवी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से "नई सोच, नई उड़ान" नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन आरंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई में सुधार कर एक नई मिसाल कायम की है। कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार पटेल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 27 जनवरी से की जाएगी, जिसमें जिले के 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। पहले चरण में जिले के 20 अलग-अलग विद्यालयों से 20 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में इन विद्यार्थियों को उनके विद्यालय में जाकर ऐसे विद्यार्थीयों का सम्मान व तीन हजार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि वे शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकें। इस चरण में पांच लाख रूपए की प्रोत्साहन राशी भेंट की जाएगी। इस अवसर पर राजिविका की ब्रांड एंबेसडर और सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने बताया कि, "नई सोच, नई उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना और शिक्षा को नई दिशा देना है। यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए है, जो अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर कठिनाइयों को पार कर आगे बढ़े हैं।" उन्होंने बताया कि विदेश में सफलता के मुकाम हासिल कर चुकी शख्सियतों से चयनित गांवो के विद्यार्थीयों का सीधा संवाद करवाकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास भी रहेगा। अतुल कुमार पटेल ने कहा, "हमारा लक्ष्य उन बच्चों को प्रेरित करना है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझा और अपनी मेहनत से प्रगति की है। यह प्रोत्साहन उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।" रूमा देवी फाउंडेशन की प्रवक्ता कविता कुमारी ने बताया कि नई सोच, नई उड़ान कार्यक्रम जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह पहल विद्यालयों और समाज के सहयोग से और अधिक प्रभावी बनकर जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी।

मौसम में लगातार बदलाव, तापमान गिरा

▶▶ दिन-रात के पारे में 15 डिग्री का अंतर रबी फसलों में बीमारी लगने का खतरा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर में सर्दी के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। शुक्रवार को दिन-रात दोनों का तापमान में दो-चार डिग्री की गिरावट आई। लेकिन शनिवार को फिर मौसम बदला नजर आया। सुबह के समय ठंड का एहसास शुक्रवार की अपेक्षा कम रहा। तेज धूप खिलने से ऊनी कपड़ों में गर्मी का एहसास होना शुरू हो गया। लगातार बदलते मौसम से मौसम बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। उधर रबी की फसलों में रोग लगने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, जिले में शुक्रवार को दिन में एक बार फिर सर्द हवाएं चली। इससे ठिठुरन बढ़ी। सर्द हवाओं के कारण पिछले कुछ दिनों से गर्मी का बढ़ा असर कम नजर आया। सुबह से लेकर शाम तक चलने वाली ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का एहसास करवाया था। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम 12.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को तापमान में एक डिग्री गिर गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार सुबह हल्का कोहरा था, लेकिन बाद में गर्मी बढ़ गई। पहली बार जनवरी माह में मौसम के बार बार परिवर्तन होने की वजह से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है और इसके साथ ही रबी की फसलों में भी रोग लगने की संभावना जताई जा रही है। रबी की फसलों में जीरे की फसल सबसे नाजुक फसल मानी जाती है।

तेज सर्दी इस फसल के लिए फायदेमंद होती है और इसके अच्छे उगाव और बढ़ोतरी में सहायक होती हैं। अब जीरे की फसलों पर फूल लगे हैं। ऐसे में अचानक मौसम परिवर्तन होकर तापमान बढ़ने से कई स्थानों पर जीरे की फसल में झुलसा रोग लगना शुरू हो गया है। इस रोग से जीरे पर लगे फूल झड़ने लग जाते हैं और दाना कम पड़ता है। इसको लेकर किसान चिंतित है।

प्लास्टिक कट्टे में सप्लाई करते डोडा-पोस्त तस्कर गिरफ्तार

▶▶ 17.9 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त
▶▶ खरीफ-फरोख्त को लेकर पूछताछ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बालोतरा जिले की कल्याणपुर पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 17.950 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। टीम ने नाकाबंदी कर एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचनान मिली थी कि गांव घडसी का बाडा में डोडा-पोस्त लेकर आ रहे है। इस पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर संदिग्ध शक्स रामलाल व उसके पास मिले सफेद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली गई। तो एक प्लास्टिक कट्टे की

तलाशी ली गई। एक कट्टे में अवैध मादक पदार्थ 17.950 किलोग्राम डोडा-पोस्त होना पाया गया। उक्त मादक पदार्थ बरामद कर मादक पदार्थ तस्कर रामलाल पुत्र बादरराम निवासी भाणा मगरा पुलिस थाना सिणधरी को हाल घड़सी का बाड़ा पुलिस थाना कल्याणपुर जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया। एसपी हरिशंकर ने बताया- आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से बरामद अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच मंडली थानाधिकारी को दी गई। जो आगे की कार्रवाई करेंगे।

रेगिस्तान में वायरस से हजारों लोग प्यासे

▶▶ पक्षियों ने भी जगह छोड़ी
▶▶ गोडावण बचाने एंट्री बैन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। मध्य यूरेशिया के कुरजां पक्षियों (डेमोसाइल क्रेन) की सबसे पसंदीदा जगह है, जैसलमेर का रेगिस्तान। हजारों किलोमीटर का सफर तय करने के बाद ये पक्षी यहां करीब आठ महीने तक रहते हैं। अब बर्ड-फ्लू वजह से ये पक्षी अपनी पसंदीदा जगह देगराय-ओरण छोड़ रहे हैं। पिछले 12 दिनों में 33 कुरजां पक्षियों (डेमोसाइल क्रेन) की मौत हो चुकी है। संक्रमण का असर यहां रहने वाले लोगों के जीवन पर भी हुआ है। करीब चार हजार से ज्यादा लोगों ने तालाब से पानी लेना छोड़ दिया। वहीं जहां पर गोडावण का डीएनपी एरिया है, वहां इंसानों की एंट्री बैन कर दी है। जैसलमेर के गांवों में तालाब किनारे इस तरह से छिड़काव किया जा रहा है।

60-65 कि.मी. में फैला देगराय-ओरण

वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने बताया देगराय-ओरण इलाका करीबन 60-65 कि.मी. एरिया में फैला है। इस इलाके में 35 से भी ज्यादा तालाब हैं। हर साल कुरजां देगराय, लाठी, मोहनगढ़ के देवा इलाके, भादरिया आदि इलाके में सितंबर महीने में आती है और मार्च महीने के अंत तक दोबारा लौट जाती है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब तीन हजार कुरजां यहां आती है। पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि जनवरी से पहले हालात ये थे कि यहां बड़ी संख्या में कुरजां पक्षियों का डेरा तालाब किनारे मिल जाता था। अब स्थिति ये है कि यहां एक भी कुरजां पक्षी नहीं है। दावा किया जा रहा है कि बर्ड फ्लू के बाद इन्होंने अपनी जगह बदल दी है। अब इन्होंने 40 किलोमीटर दूर बड़ोड़ा गांव के तालाबों पर डेरा डाला है। सुमेर सिंह ने बताया कि या तो बीमारी या फिर इंसानी दखल की वजह से ही कुरजां अपनी जगह छोड़ती है। इस बार बीमारी की वजह से ये पूरा इलाका सुनसान हो गया है।

चार गांवों की आबादी सर्वाधिक प्रभावित

जैसलमेर से भास्कर की टीम देवीकोट कस्बे से होते हुए देगराय मंदिर से जंगल के इलाके से छोड़िया, लखमना, सांवता, भीखसर आदि गांवों से होते हुए लूनेरी तालाब पर पहुंची। इन चार गांव की आबादी करीब चार हजार तक की है। देगराय मंदिर के पास साबड़ासर तालाब, लखमना तालाब और लूनेरी तालाब पर इंसानों और पशुओं के जाने पर रोक लगाई गई है। साबड़ासर पर कुरजां का बड़ा झुंड विचरण करता था। वहीं, लखमना और लूनेरी तालाब पर सबसे ज्यादा मृत कुरजां मिले थे। यहां मिले देगराय ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष गिरधर सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू के बाद से प्रशासन ने तालाब के पानी के उपयोग की रोक के बाद से बड़ा संकट आ गया है। इन तालाब से गांव के लोगों और पशुओं दोनों के लिए पानी उपयोग में होता था। इस संक्रमण के बाद हालात ये है कि इनका पानी उपयोग लेना तो दूर इस तालाब के पास भी कोई नहीं भटकता। पानी के लिए अब अलग से 1500 से दो हजार रुपए देकर टैंकर मंगवाए जा रहे है। इस एरिया के करीब पांच हजार से ज्यादा पशुओं पर पानी का संकट आ गया है।

सात किलो डोडा-पोस्त के साथ युवक गिरफ्तार

▶▶ घर में ही बेच रहा था पाउडर, पुलिस ने पकड़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। मादक पदार्थों के खिलाफ जैसलमेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर स्थित एक मकान में दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक मनोहर विश्नोई कमरे में डोडा-पोस्त का पाउडर बेचता है। शहर कोतवाल प्रेम दान रतनू के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मनोहर के कब्जे से करीब सात किलो 377 ग्राम डोडा-पोस्त का पाउडर भी बरामद किया।

पुलिस ने मनोहर विश्नोई के कब्जे से डोडा-पोस्त जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल प्रेम दान ने बताया- जोधपुर पुलिस रेंज आईजी द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ जैसलमेर पुलिस का 'ऑपरेशन मद मर्दन' जिले में जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहर के तालरिया पाड़ा क्षेत्र के एक रहवासी कमरे में दबिश दी।

शहर में अवैध डोडा-पोस्त की बिडज-क्री

एसएचओ प्रेम दान ने बताया- जैसलमेर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर में अवैध डोडा पोस्त बड़ी मात्रा बिक रहा है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने शहर के तालरिया पाड़ा क्षेत्र के एक रहवासी मकान पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने डोडा-पोस्त के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर का नाम मनोहर विश्नोई पुत्र भुराराम विश्नोई है, जो कि लोहावट फलोदी का निवासी है। पुलिस ने मनोहर को सात किलों 377 ग्राम डोडा पोस्त के पाउडर के साथ गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस तस्करी के नेटवर्क के खुलासे में लग गई है।

व्यापार जगत

18% उछला एनर्जी कंपनी का प्रॉफिट, सुस्त पड़ा शेयर

नई दिल्ली। पिछले साल लिस्टेड हुई एनर्जी सेक्टर की चर्चित कंपनी- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 18 फीसदी बढ़कर 65.61 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी ने 55.61 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया था। इस तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 463.46 करोड़ रुपए से बढ़कर 581.46 करोड़ रुपए हो गई।

खर्च 383.28 करोड़ रुपए से बढ़कर 482.22 करोड़ रुपए हो गया। दिसंबर तिमाही के शानदार नतीजे के बाद एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर पर सोमवार को नजर रहेगी। यह शेयर बीते कुछ सप्ताह से सुस्त पड़ा है।

शुक्रवार को यह शेयर गिरावट के साथ 112 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। 13 जनवरी को शेयर की कीमत 109.40 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।

नवंबर में लिस्टिंग एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर नवंबर 2024 में लिस्ट हुआ था। कारोबार के पहले दिन यह आईपीओ इश्यू प्राइस 108 रुपए के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ था। कुल 10,000 करोड़ रुपए की शेयर बिक्री का इश्यू प्राइस 102-108 रुपए प्रति शेयर था। बता दें कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एक 'महारत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है। यह सौर तथा पवन ऊर्जा परिसंपत्तियों सहित अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिला बड़ा सोलर प्रोजेक्ट दिसंबर तिमाही के नतीजे से ठीक पहले एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 24 जनवरी को बताया कि उसकी इकाई को एनएचपीसी से 300 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना मिली है। कंपनी के मुताबिक उसकी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) एनएचपीसी द्वारा आयोजित नीलामी में सफल बोलीदाता बनकर उभरी है। यह निविदा सोलर एनर्जी डेवलपर के चयन के लिए थी। नीलामी 23 जनवरी को संपन्न हुई।

डा. अग्रवाल्स हेल्थ-केयर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर बुधवार को खुलेगा

▶▶ प्राइस बैंड 382/- से 402/- प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया

मुंबई। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड, नेत्र आई केयर सर्विसेज में एक विश्वसनीय ब्रांड और क्रिसिल एमआई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए ऑपरेशन से रेवेन्यू के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी आई केयर सर्विस चेन है। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 382/- से 402/- प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। इसकी फेस वैल्यू 1/- है। कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफर ("आईपीओ" या "ऑफर") सब्सक्रिप्शन के लिए बुधवार, 29 जनवरी, को खुलेगा और शुक्रवार, 31 जनवरी, को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। इस इश्यू में 1,579,399 इक्विटी शेयरों तक का कर्मचारी आरक्षण हिस्सा और 1,129,574 इक्विटी शेयरों तक शेयरधारकों का आरक्षण है। आईपीओ 300 करोड़ रुपए तक के फ्रेश इश्यू और प्रमोटरों, निवेशकों और अन्य सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 67,842,284 इक्विटी शेयरों तक के ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इसके फ्रेश इश्यूएंस से प्राप्त 195 करोड़ रुपए की आय का उपयोग इसके कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए किया जाएगा और शेष आय का उपयोग जनरल कॉर्पोरेट पर्पज और अज्ञात इनऑर्गेनिक अधिग्रहणों के लिए किया जाएगा। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर, मोतियाबिंद, रिफ्रैक्टिव और अन्य सर्जरी सहित एंड-टू एंड कॉम्प्रेहेंसिव आई केयर सर्विसेज प्रदान करता है। कंसलटेशन, डायगनोसेज और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट और 30 सितंबर, 2024 तक 209 सुविधाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से ऑप्टिकल्स, कॉन्टैक्ट लेंस और सहायक उपकरण, और आंखों की देखभाल से संबंधित फार्मास्युटिकल उत्पाद बेचता है। क्रिसिल एमआई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार, एफवाय2024 तक कंपनी के पास भारत में टोटल आई केयर सर्विस चेन मार्केट लगभग 25% हिस्सा था। 30 सितंबर, 2024 तक, कंपनी भारत में 14 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के 117 मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में 193 सुविधाओं के साथ-साथ अफ्रीका के नौ देशों में फैली 16 सुविधाओं का संचालन करती है। कंपनी हब-एंड-स्पोक और एसेट लाइट ऑपरेटिंग मॉडल के माध्यम से काम करती है। सीआरआई-एसआईएल एम आई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की डायवर्सिफाइड प्रेजेंस है, जिसमें 70 सुविधाएं टियर-I शहरों में और 123 सुविधाएं पूरे भारत के अन्य शहरों में स्थित हैं। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर के चेयरमैन डा. अमर अग्रवाल है। उनके पास आई केयर सर्विस इंडस्ट्री में 35 वर्षों से अधिक का क्लीनिकल एक्सपीरियंस है। डा. अमर अग्रवाल ने नेत्र विज्ञान में कई सर्जिकल इनोवेशन्स का नेतृत्व किया है और विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में कई पत्र प्रकाशित किए हैं। डा. अग्रवाल हेल्थ केयर की कुछ प्रमुख सर्जिकल क्षमताओं में इंट्राओकुलर लेंस प्रक्रियाएं, कॉर्निया प्रत्यारोपण, पिनहोल प्यूपिलोप्लास्टी, सिंगल पास फोर-थ्रो प्यूपिलोप्लास्टी और लेसिक सर्जरी शामिल हैं। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार हैं।

यस बैंक का तीसरी तिमाही में मुनाफा 165% बढ़ा

मुंबई। यस बैंक का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 165% बढ़कर 612 करोड़ रहा।

पिछले साल की समान तिमाही में ये 231 करोड़ रहा था। हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 10.7% बढ़ा है।

पिछली तिमाही में बैंक का मुनाफा 553 करोड़ रुपए रहा था।

यस बैंक ने शनिवार (25 जनवरी) को Q3FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

बैंक की कुल आय 16.3% बढ़ी

वहीं अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक की टोटल इनकम सालाना आधार पर 16.3% बढ़कर 3,736 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 3,211 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 3.6% बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 3,607 करोड़ रुपए रही थी।

नेट इंटरेस्ट इनकम 10.2% बढ़ी

अक्टूबर-दिसंबर में यस बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 10.2% बढ़कर 2,224 करोड़ रुपए रही। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 1.0% बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 2,200 करोड़ रुपए रही थी। शुक्रवार को यस बैंक का शेयर 1.19% गिरकर 18.25 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 57.19 हजार करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक का शेयर 25.87% और एक साल में 27% गिरा है।

इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी

सोना 1109 बढ़कर 80348 पर पहुंचा

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 18 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 79,239 रुपए था, जो अब यानी 25 जनवरी को 80,348 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,109 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 391 रुपए महंगी होकर 91,211 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,820 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,570 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,550रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,470 रुपए है।

आपका राशिफल 26 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'

की थीम पर मनाया मतदाता दिवस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला परिषद सभा भवन जालोर में 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर जिला स्तरीय कार्य म सम्पन्न हुआ। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने चुनाव प्र' या में मतदाता सूची की महत्वता की जानकारी दी।

मताधिकार की दिलाई शपथ

जिला स्तरीय कार्य म में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज चौधरी, चुनाव शाखा के तहसीलदार राजेश व्यास सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कार्मिक सहित बीएलओ, सुपरवाइजर व कार्मिक उपस्थित रहे।

इन्हें किया सम्मानित

कार्य म के दौरान निर्वाचन से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने पर आहोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 19 के बीएलओ डायाराम, भाग संख्या 16 के बीएलओ इन्द्रसिंह चौहान, भाग संख्या 158 के बीएलओ होसाराम बामणिया, भाग संख्या 62 के बीएलओ गणपतसिंह व केएपी सर्वे प्रगणक पदमाराम, जालोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 216 के बीएलओ रूपसिंह सिंधल, भाग संख्या 45 के बीएलओ आदम खां राजड, भाग संख्या 246 के बीएलओ शिक्षा अनुदेशक शादाब अहमद व सुपरवाइजर मनोहरसिंह, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 276 के बीएलओ अर्जुनकुमार, भाग संख्या 107 के बीएलओ चेनाराम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह सोढ़ा व सुपरवाइजर नित्यानन्द, सांचौर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 26 के बीएलओ शकुर खान, सुपरवाइजर रामनिवास, भाग संख्या 193 के बीएलओ पुखराज व भाग संख्या 215 के बीएलओ राणाराम तथा रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 178 के बीएलओ बाबूसिंह, सुपरवाइजर मुकेशकुमार मीना, भाग संख्या 160 के बीएलओ अशोककुमार व भाग संख्या 228 के बीएलओ मुकेशकुमार जुनीवाल को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भीनमाल। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को स्थानीय विकास भवन में उपखंड अधिकारी नीरज कुमारी की मौजूदगी में मनाया गया। मतदाता सूची संबंधी उत्कर्ष कार्य करने वाले 9 बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपखंड अधिकारी नीरजकुमारी ने मतदाता दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नए मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रह कर मतदान करना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपखंड स्तरीय समारोह में विधानसभा भीनमाल 143 के भाग संख्या 177-188 सुपरवाइजर राउमावि कोरा कृष्णकुमार वरिष्ठ अध्यापक, भाग संख्या 93-105 सुपरवाइजर राउमावि सेवडी रामलाल विश्नोई वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता, भाग संख्या 117 बीएलओ राउप्रावि

नगा की ढाणी दांतीवास किशनाराम सारण अध्यापक वरिष्ठ प्रबोधक, भाग संख्या 33 बीएलओ रामावि जूना राउता बलवंताराम अध्यापक, भाग संख्या 204 बीएलओ राउमावि मोदरा स्टेशन पारसाराम प्रजापत अध्यापक, भाग संख्या 256 बीएलओ राप्रावि इन्द्रा कॉलोनी सोमता रणजीतकुमार अध्यापक, भाग संख्या 123 बीएलओ राउमावि वियो का गोलिया पूनासा गणपतसिंह प्रबोधक, तहसील कार्यालय भीनमाल रमेशकुमार होमगार्ड, राउप्रावि. बेतारण सांवलाराम अध्यापक को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्य म के दौरान मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रह कर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, भावाराम, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, मुकेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ, सुपरवाइजर, कर्मचारी मौजूद थे।

जसवंतपुरा। कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें नव मतदाता के रूप में वि' म प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत व साहिल तथा बुजुर्ग मतदाता के रूप में उनाराम माली, दिव्यांग मतदाता के रूप में कल्पेश माली और महिला मतदाताओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी में मतदाता दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलसिंह देवल, सुपरवाइजर कृष्णकांत बोहरा, भगवतसिंह राणावत, विनोद रिणवा, वगताराम प्रजापत, बीएलओ शिवनारायण मीणा, फतेहकुमार, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, गोविंद प्रजापत, शिवचरण मीणा व विद्यालय परिवार मौजूद था।

कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में अनुसूचित जनजाति महिलाओं के सिलाई कला प्रशिक्षण का समापन

प्रशिक्षित होकर प्रतिभागी महिलाएं शुरू करें स्वयं का व्यवसाय : गर्ग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। कृषि विज्ञान केंद्र केशवना पर अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत केंद्र में जनजातीय महिलाओं का 21 दिवसीय सिलाई कौशल प्रशिक्षण का समापन कार्य म शनिवार को राजस्थान विधानससभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य सचेतक ने प्रशिक्षण की प्रतिभागी महिलाओं से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी लेते हुए प्रतिभागी महिलाओं द्वारा तैयार किए हुए (सिले हुए कपड़े) कपड़ों को देखा। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं को इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने तथा सशक्त बनते हुए खुद का व्यवसाय शुरु करने की बात कही। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने प्रतिभागी 28 महिलाओं को सिलाई मशीन व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दिलीपकुमार ने अनुसूचित जनजातीय उपयोजना, सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्य म तथा केंद्र पर किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। केंद्र के अनुसूचित जनजातीय उपयोजना प्रभारी डॉ. पवनकुमार पारीक ने प्रतिभागी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया तथा मौसम वैज्ञानिक आनंदकुमार शर्मा द्वारा खुद का व्यवसाय शुरु करने, स्वयंसहायता समूह बनाकर सिलाई व्यवसाय को व्यापक स्तर पर करने पर जोर दिया। मंच संचालन डॉ पारीक ने किया। प्रशिक्षक श्रीमती अनसीबाई एवं सबीना बानू द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को 21 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डाटा ऑब्जर्वर भूपेंद्रसिंह, फार्म मैनेजर मनीष चौधरी, गणपतसिंह राव, जीतूसिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के शस्य विशेषज्ञ बिरमसिंह गुर्जर सहित कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि अनुसंधान के कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। निकटवर्ती राउमावि सेवाड़िया में शनिवार को उत्साह से वार्षिकोत्सव मनाया गया। शारीरिक शिक्षक आसुराम सैन के अनुसार पीइइओ आजोदर राजेन्द्रकुमार कोली के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य लखमाराम चौधरी की अध्यक्षता तथा नासिर मोहम्मद वाइस प्रिंसिपल आजोदर, पारसाराम राणा व्याख्याता आजोदर के विशिष्ट आतिथ्य में वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्य म की प्रस्तुति की गई। कार्य म में व्यायाम प्रस्तुति में शानदार पिरामिड बनाकर सभी को रोमांचित कर दिया गया। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सास्कृतिक प्रस्तुति व आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं सेवाड़िया को भामाशाहों की नगरी कहकर सम्बोधन किया। सभी भामाशाहों का धन्यवाद प्रेषित किया। अध्यक्षता कर हरे चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्य म में आजोदर विद्यालय से अध्यापिका सुनिताकुमारी एवं स्थानीय विद्यालय से लिखमाराम बिसोर, नेहा चौहान, सीमा मीणा, रेखा मीणा, दलपत चौधरी, प्रागाराम पुरोहित, रमेशचन्द्र पुरोहित एवं हरजीराम ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

मौनी अमावस्या 29 को, इस बार बन रहा त्रिवेणी योग : शास्त्री

भीनमाल। माघ मास में आने वाली अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस बार मौनी अमावस्या बुधवार 29 जनवरी को है। श्रीदर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि इस दिन पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। साथ ही इस बार मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी योग सहित कई शुभ योग बनने से मौनी अमावस्या का महत्व कई गुणा बढ़ गया है एवं मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा शाही स्नान भी किया जाएगा। त्रिवेदी ने बताया कि अमावस्या पर इस बार मकर राशि में एक साथ सूर्य, बुध और चंद्रमा विराजमान होकर त्रिवेणी योग बनाएंगे। इसी के साथ इन सभी पर गुरु की नवम दृष्टि भी रहने वाली है। इसी के साथ शु' का मीन राशि में होने से मालव्य राजयोग भी बना रहेगा। श्रवण नक्षत्र का संयोग भी रहने वाला है। शश राजयोग भी रहेगा। बुधादित्य राजयोग भी रहेगा। शास्त्री ने बताया कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित हैं। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान दान और पितरों के नाम से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास का धार्मिक रूप से विशेष महत्व है। ऐसे में माघ मास में आने मौनी अमावस्या का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। ऐसे में उनके नाम से किया गया दान पुण्य व्यक्ति को कई गुणा अधिक फल देता है। इस दिन किए गए पितरों के नाम से दान पुण्य और तर्पण से पितरों का आशीर्वाद हमेशा परिवार के सदस्यों पर बना रहता है। पंडितों और गरीबों को भोजन कराने से भी पितर प्रसन्न होते हैं।

'पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। जुंजाणी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल दिवस का शुभारंभ प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने ध्वजारोहण के साथ किया। उप प्राचार्य राजेशकुमार ने खेल को खेल की भावना से खेलने एवं आपसी भाईचारे व सदभावना की शपथ दिलाई। प्राचार्य जीनगर ने बताया कि पीएमश्री विद्यालय में खेल दिवस पर जेपीएल जुंजाणी प्रतियोगिता पर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि व आकाश सदन के बीच अंतर सदनीय खेलों का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए रिवर रेस, जलेबी रेस, पेपर बॉल रेस, बुक दौड़, ऑक्टोपस, कंगारू दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सीनियर वर्ग में भाला, तस्त्री, गोला फेंक, हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप, ऊंची व लंबी कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका रेवतसिंह, अशोक प्रजापत, पवन व्यास ने निभाई। प्रतियोगिताएं शारीरिक शिक्षक रविंद्रकुमार व रायमलराम के निर्देशन में हुई। ह्राउस प्रभारी उत्तमसिंह, विमला विश्नोई, दीपिकाकुमारी, प्रियंका विश्नोई मौजूद रहे।

उत्साह व उमंग के बीच समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। जिलेभर में रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह व उमंग के बीच पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राज-स्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक (केबिनेट मंत्री दर्जा) जोगेश्वर गर्ग बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। इस दौरान परेड, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय कार्य के लिए कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजनीतिक क्षेत्र के लोग एवं जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग शरीक होंगे।

सायला। उपखंड मुख्यालय पर रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह खेल मैदान में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी मार्च-पास्ट एवं शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन करेंगे। देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों, समाजसेवी लोगों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। दोपहर राउमावि सायला के प्रांगण में ग्रामीण बनाम प्रशासन के बीच वॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन होगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता में एनसीसी रानीवाड़ा टीम रही विजेता

▶ पांच दिवसीय धानोल प्रीमीयर लीग का हुआ समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। समीपवर्ती धानोल गांव में पांच दिवसीय धानोल प्रीमीयर लीग क्रि केट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।प्रतियोगिता में रानीवाड़ा की एनसीसी टीम विजेता रही। जिसे 11 हजार नकद राशि से एवं उप विजेता गंगेश्वर इलेवन टीम को 5 हजार एक सौ की नकद राशि से सम्मानित किया गया है। कार्य म में समाजसेवी परेशकुमार सहित ग्रामीणों ने टीमों का सम्मान किया। प्रतियोगिता मे रानीवाडा क्षेत्र सहित दूर-दराज से भी टीमों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में उमाराम चौधरी, चंदनसिंह, इन्द्रकुमार सैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

टोल शुल्क माफ करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सायला। टैक्सी यूनियन सायला की ओर से शनिवार को उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर चौराऊ टोल प्लाजा पर सायला के टैक्सीचालकों का टोल शुल्क माफ करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि सायला के टैक्सी चालक प्रतिदिन सायला-बागोड़ा रोड पर आवागमन करते है। इस मार्ग पर सायला से मात्र 5 किलोमीटर के दूरी पर चौराऊ के पास टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। ऐसे में टैक्सी चालकों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए आसपास के गांवों में आने-जाने के दौरान टोल शुल्क देना पड़ता है। जिससें उनकी जेब पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। ऐसे में टैक्सी चालकों के वाहनों को शुल्क फ्री करवाने की मांग की गई। इस दौरान देवाराम मेघवाल, सुलेमान खान, पारसमल, ओखाराम, जोगाराम, खीमसिंह, बदाराम, रणजीतकुमार, हरसनराम, मंगलाराम, ओटाराम, जयंतीलाल, शौकतखान, गफार खां, करनाराम समेत कई टैक्सी चालक मौजूद थे।

राज्य सरकार किसानों व आमजन की सुविधाओं को बेहतरीन बनाने के लिए कृत संकल्पित : गर्ग

लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम व कार्यालय का लोकार्पण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जालोर। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्य म के तहत जालोर जिले की लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति कें नवनिर्मित गोदाम मय कार्यालय भवन का लोकार्पण शनिवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, लेटा महंत रणछोड़ भारती व जागनाथ मठ महंत महेन्द्र भारती ने किया। मुख्य सचेतक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों व आमजन की सुविधाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाने के लिए कृत संकल्पित है। लेटा ग्राम पंचायत सहित समस्त विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं, सरकार आगे भी जनता की मांग अनुसार विकास कार्य करवाने में कोई कमी नहीं रखेगी। केन्द्रीय सहकारी बैंक जालोर के प्रबंध निदेशक नारायणसिंह चारण ने बताय कि पूर्व में लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति का मुख्यालय जालोर शहर में ही संचालित हो रहा था जिससे किसानों को ऋण व अन्य सहकारी समिति संबंधित कार्यों के लिए जालोर जाना पड़ता था। मुख्य सचेतक व जालोर विधायक गर्ग ने लेटा ग्राम पंचायत के किसानों व ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए अपने विधायक मद से 15 लाख की राशि समिति के गोदाम मय कार्यालय भवन के लिए स्वीकृत की। कार्य म में जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, लेटा सरपंच श्रीमती शांतिदेवी, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष खीमाराम माली, जिला परिषद सदस्य दरियादेवी, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान व सुजाराम चौधरी सहित ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम सेवा सहकारी समिति लेटा के गोदाम मय कार्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा 20 अक्टूबर 2024 को किया गया था। उसके उपरांत संबंधित कार्यकारी एजेंसी द्वारा इस कार्य को त्वरित गति से करते हुए लगभग 100 दिनों में कार्य पूर्ण किया। लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति का एक कार्यालय पूर्वानुसार शिवाजी नगर जालोर भी संचालित रहेगा।

महिला ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

मैडिसन कीज चैंपियन

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताबी मुकाबले में 19वीं वरियता प्राप्त मैडिसन कीज ने विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को हरकार खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक मुकाबले में कीज ने सबालेंका को 6-3, 2-6, 7-5 से मात दी। मैडिसन ने इस जीत के साथ सबालेंका के लगातार तीसरे खिताब की ओर बढ़ते अभियान को समाप्त कर दिया। सबालेंका अगर यह खिताब जीतती तो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की हैट्रिक पूरी करने वाली छठी महिला बन जातीं। उनके पास 1997-1999 के बाद से मेलबर्न पार्क में तीन बार खिताब जीतने वाली मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी बनने का मौका था। हालांकि, सेमीफाइनल में विश्व की नंबर दो इगा स्वियातेक को हराने वाली कीज ने सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।

आर्यना सबालेका बनाम मैडिसन कीज

टूर्नामेंट	वर्ष	चरण	विजेता	स्कोर
सिनसिनाटी मास्टर्स	2018	क्वार्टरफाइनल	आर्यना सबालेका	6-3, 6-4
बर्लिन ओपन	2021	राउंड ऑफ 16	मैडिसन कीज	6-4, 1-6, 7-5
विंबलडन	2023	क्वार्टरफाइनल	आर्यना सबालेका	6-2, 6-4
यूएस ओपन	2023	सेमीफाइनल	आर्यना सबालेका	0-6, 7-6 (1), 7-6 (5)
बीजिंग ओपन	2024	राउंड ऑफ 16	आर्यना सबालेका	6-4, 6-3
ऑस्ट्रेलियन ओपन	2025	फाइनल	मैडिसन कीज	6-3, 2-6, 7-5

फाइनल में यानिक सिनर के सामने ज्वेरेव की चुनौती

वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रविवार को यहां जब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे तो उनके सामने खिताब के बचाव करने की चुनौती होगी। पुरुष एकल में ऐसा बहुत कम बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने करियर के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का सफलता से बचाव किया है। पिछली बार राफेल नडाल ने 2005 और 2006 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर ऐसा कारनामा किया था। सिनर के सामने कई तरह की चुनौतियां है जिसमें डोपिंग का मामला भी शामिल है। यह मामला अब भी विचाराधीन है। पिछले साल मार्च में उनके नमूने में दो बार एनाबॉलिक स्टेरॉयड की थोड़ी मात्रा की पुष्टि हुई थी। यह बात को हालांकि अमेरिकी ओपन शुरू होते समय सार्वजनिक की गई थी। उन्होंने तब अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की अपील पर हालांकि इस मामले की अप्रैल में सुनवाई होनी है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के दौरान पिछले दो सप्ताहों के दौरान, सिनर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझना पड़ा है। चौथे दौर में वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज होल्गर रूण के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें चक्कर आ गया था। सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेन शेलटन के खिलाफ उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। सिनर के सामने जिम कुरियर (1992 और 1993) के बाद सबसे कम उम्र में लगातार दो बार इस खिताब को जीतने की चुनौती होगी। वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज 27 साल के ज्वेरेव इससे पहले दो बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे है और उन्हें दोनों बार निराशा हाथ लगी है। वह सिनर को हराकर अपना पहला खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

रणजी ट्रॉफी

13 साल बाद रणजी खेलेंगे विराट

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कई स्टार खिलाड़ी इस समय रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और रवींद्र जडेजा ने 23 जनवरी से शुरू हुए मैच में हिस्सा लिया, केएल राहुल और विराट कोहली फिट न होने की वजह से नहीं खेले। अब खबर है कि विराट 30 जनवरी से शुरू होने वाले मुकाबले में खेलेंगे। डीडीसीए ने स्पेशल तैयारी की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ मैच में खेलेंगे। मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। विराट अपनी घरेलू टीम दिल्ली के लिए खेलेंगे। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच को लेकर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने खास तैयारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डीडीसीए ने इस मैच में करीब 10 हजार दर्शकों को फ्री एंट्री देने का प्लान तैयार किया है। दर्शकों के लिए नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस खोला जाएगा। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सभी दर्शक फ्री में इस मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। बीसीसीआई के नए दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि भारत के सीनियर खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेलते दिखे। विराट आखिरी बार 2012 में रणजी मैच खेले थे। विराट ने डीडीसीए को बताया था कि 23 जनवरी से खेले जाने वाले मैच में वह नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी गर्दन में दर्द है, लेकिन उन्होंने बताया था कि वह 30 जनवरी से शुरू होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हैं।

शुभमन लौटे फॉर्म में, ठोका शतक

▸▸ टीम को मिली पारी की हार

बेंगलुरु। पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए। पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पांजब की टीम के लिए वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाए थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गयी। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किए। गिल हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इस 25 वर्षीय दाएं हाथ का खिलाड़ी ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 18.60 की औसत से 31 के उच्चतम स्कोर के साथ सिर्फ 93 रन बनाए थे। शुभमन भले ही इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन वह वनडे टीम के लिए वापसी करेंगे। यही टीम आगे चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी।

टाटा स्टील शतरंज

गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानंद शीर्ष पर मौजूद

नीदरलैंड। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानंद ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किए। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानंद संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं। पी हरिकृष्णा, सर्बिया के एलेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग (सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई। शुरुआती चालों के बाद अब्दुसत्तोरोव ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू की। आखिरी कुछ चालों गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अर्शदीप ने रचा इतिहास

▸▸ बाबर को हराकर जीता सबसे बड़ा अवॉर्ड

नई दिल्ली। आईसीसी ने मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के नाम का ऐलान कर दिया है। इस अवॉर्ड के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टक्कर थी। इसमें भारत के अर्शदीप सिंह, पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा शामिल थे। अर्शदीप सिंह ने इन सभी स्टार खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए ये बड़ा अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अर्शदीप सिंह ने पिछले साथ टी20 फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन किया था और भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस यागदार प्रदर्शन का इनाम अब उन्हें आईसीसी अवॉर्ड के साथ मिल गया है।

आईसीसी मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर

पिछले कुछ सालों में युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के सबसे अहम गेंदबाज बने हुए हैं। साल 2024 में भी उनकी ओर से काफी अच्छा खेल देखने को मिला। उन्होंने पिछले साल टीम इंडिया के लिए 18 टी20 मैच खेले और कुल 36 विकेट अपने नाम किए।

रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम के कप्तान

दुबई। पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया। भारतीयों के दबदबे वाली इस टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है। रोहित के कुशल नेतृत्व ने दबाव भरी स्थितियों में युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के सबसे महान टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक के तौर पर अपनी विरासत को मजबूत किया। पंड्या ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में अपना कद मजबूत किया और भारत के सफल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2024 की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम

- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह (सभी भारतीय), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), बाबर आजम (पाकिस्तान), निकोलस पूरन (विकेटकीपर, वेस्टइंडीज), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), राशिद खान (अफगानिस्तान) और वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

मनोरंजन

'पंचायत 4' में नहीं अमिताभ बच्चन



क्या 'पंचयात सीजन 4' में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे? सोशल मीडिया पर फुलेरा गांव से सामने आई तस्वीरों के बाद यह सवाल हर कोई पूछ रहा है। बुधवार को 'पंचायत' के क्रिएटर्स टीवीएफ ने कई तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें बिग बी फुलेरा गांव में सहायक विकास, प्रल्हाद चाचा और विधायक के साथ नजर आए। कयास और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया कि अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में एंट्री कर रहे हैं। हालांकि, अब इस खलखली पर विराम लगाने का मौका आ गया है, क्योंकि यह मामला 'पंयाचत' अंदाज में एक जागरूकता अभयिान से जुड़ा है। अमिताभ बच्चन ने खुद ट्विटर पर चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जो 'प्राइम वीडियो' की सुपरहिट सीरीज में फुलेरा के सहायक विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में, विकास को एक फोन कॉल आता है, जहां उन्हें एक जॉब ऑफर मिलता है। असल में यह एक धोखाधड़ी वाला फोन कॉल था। अमिताभ आगे वीडियो में विकास को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचाते हैं। इन दिनों हम सभी हर दिन कई तरह के स्कैम वाले फोन कॉल का सामना कर रहे हैं। यह विज्ञापन लोगों में ऐसे ही अपराधों से सचेत करने के लिए बनाया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए इस विज्ञापन में अमिताभ कहते हैं कि फर्जी नौकरी का लालच देकर, फर्जी पैसों का लालच देकर लोगों ये अपराधी विदेश ले जाते हैं और बंधुआ मजदूर बना देते हैं। इसलिए ऐसे साइबर अपराध से बचने के लिए नौकरी के दस्तावेजों को अच्छे से जांच-परख लें और विदेश मंत्रायल के अधकृित एजेंट के माध्यम से ही आप विदेश जाएं। वीडियो के आखरी में बिग बी ने आगे कहा है, 'आपकी लापरवाही और लालच को बनाकर हथयिार, साइबर अपराधी करते हैं आप पर वार। शकिार होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या फिर वेबसाइट www.cybercrime.com पर शकियात दर्ज करें।'

ऐसा ही एक और विज्ञापन विधायक जी यानी मनोज झा के किरदार के साथ शूट हुआ है। इसमें विधायक जी को एक फोन कॉल आता है, जो पैसा बढ़ाओं इन्वेस्टमेंट बैंक से आता है। वह उन्हें उनके बैंक में रखे पैसों को 10 गुना बढ़ाने का लालच देता है। यहां भी अमिताभ की एंट्री होती है और वह विधायक जी को इस साइबर स्कैम से बचा लेते हैं। अब साफ है कि टीवीएफ ने जो फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, वह इसी विज्ञापन के शूट की बीटीएस तस्वीरें हैं। फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में! छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात!' खैर, जहां तक बात 'पंचायत' के अगले चौथे सीजन की है, तो इसका निर्माण अक्टूबर 2024 में शुरू हो गया है।

स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस : कोविड के बाद अक्षय की पांचवीं बेस्ट ओपनिंग

अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' शुक्रवार यानी 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अच्छी शुरुआत की है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में उनके साथ वीर पहाड़िया भी नजर आए हैं। वीर पहाड़िया ने इस फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की है। बता दें, काफी सालों बाद अक्षय कुमार की कोई फिल्म गणतंत्र दिवस वाले हफ्ते में रिलीज हो रही है। इससे पहले साल 2016 में अक्षय कुमार की फिल्म 'एयरलिफ्ट' 26 जनवरी वाले हफ्ते में रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार की फिल्म ने पहले दिन लगभग 11.25 करोड़ की कमाई की है। हालांकि, ये कमाई अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' की कमाई (गणतंत्र दिवस पर रिलीज हुई अक्षय की फिल्म) से कम है। अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' ने पहले दिन करीब 12. 35 करोड़ की कमाई की थी। रिपोर्ट्स की मानें तो 'स्काई फोर्स' कोविड के बाद अक्षय कुमार के लिए पांचवीं सबसे अच्छी ओपनिंग वाली फिल्म साबित हुई है। कोविड के बाद रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' ने पहले दिन 26.29 करोड़ कमाए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले दिन 16.07 करोड़ कमाए थे। 'रामसेतु' ने पहले दिन 15.25 करोड़ कमाए थे। 'बच्चन पांडे' ने पहले दिन 13.25 करोड़ कमाए थे। अब पांचवा नंबर स्काई फोर्स ने ले लिया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में सारा अली खान और निमृत कौर भी नजर आई हैं।

वरुण की 'बेबी जॉन' इस प्लेटफॉर्म पर होने जा रही स्ट्रीम

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन, वामिका गब्बू और कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' क्रिसमस, 2024 के मौके पर रिलीज हुई थी। एटली की डायरेक्टेड 'थेरी' का ये हिंदी रीमेक थी। इसने भारत में 39.5 करोड़ नेट कलेक्शन किया था। वहीं, दुनियाभर में इसने कुल 61 करोड़ रुपए कमाए थे। जिस तरह से इसका बज क्रिएट किया गया था, उसके आगे ये एकदम फुस्स निकली और फ्लॉप हो गई। अब इसके ओटीटी पर आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि 160 करोड़ के बजट में बनीं 'बेबी जॉन' फरवरी, में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये वहां पर रेंट पर उपलब्ध होगी। यानी इसे देखने के लिए आपको थोड़ा और खर्चा करना होगा। हालांकि दो हफ्तों के बाद ये 28 फरवरी तक इसे आप नॉर्मल सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकेंगे। एक्शन थ्रिलर 'बेबी जॉन' में , एक जाबाड पुलिस ऑफिसर अपनी बेटी को खतरनाक अंडरवर्ल्ड से बचाने के लिए डबल लाइफ जीता है। यह कहानी एक डीसीपी पर आधारित है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए खुद की पहचान बदल लेता है और एक नए सफर पर अकेले निकल पड़ता है। इस फिल्म को क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 'बेबी जॉन' में वरुण धवन थे और 'थेरी' में थलापति विजय।

शाहिद कपूर के पास नहीं थे कपड़े खरीदने तक के पैसे

शाहिद कपूर अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में अपने संघर्षों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके आसपास के लोग उन्हें पीड़ित महसूस कराते थे। अनुभवी एक्टर पंकज कपूर और नीलिमा अज़ीम के बेटे होने के बावजूद, शाहिद ने खुलासा किया कि उन्हें इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। एक बातचीत में, शाहिद ने अपनी जर्नी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कैसे वह किराए के घरों में रहते थे और मौकों की तलाश में अनगिनत ऑडिशन दिए। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता एक कैरेक्टर एक्टर हैं और मेरी मां 15 साल की उम्र से कथक डांसर रही हैं। मैं किराए के मकान में रहता हूं। मैंने कई ऑडिशन दिए हैं, इसलिए मुझमें हक जमाने की भावना नहीं है।' बॉलीवुड में संघर्ष के अलग-अलग कारणों पर चर्चा करते हुए शाहिद ने कहा, 'कुछ लोग बीएमडब्ल्यू में संघर्ष करते हैं, वे देश के टॉप दो-तीन डायरेक्टर्स के साथ काम करके अपना करियर शुरू करते हैं। मैं आया था 250 ऑडिशन देने के बाद।' शाहिद को अक्सर उनके बेदाग फैशन सेंस के लिए सराहा जाता है। उन्होंने उस समय के बारे में भी बात की जब उनके पास कपड़े खरीदने के पैसे नहीं थे। उन्होंने कहा, 'आज लोग कहते हैं कि शाहिद का फैशन सेंस बहुत अच्छा है और कभी-कभी, मैं इस तरह की चीजों पर हंसता हूं क्योंकि मुझे याद है कि एक समय मेरे पास लोखंडवाला बाजार में कपड़े खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे।' शाहिद ने अपनी इमोशनल लड़ाई के बारे में भी खुलकर बात की और कहा कि वह लंबे बुरे दौर से गुजरे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी परिस्थितियों से पीड़ित महसूस करने के एक बहुत लंबे दौर से गुजरा हूं।' वर्कफ्रंट पर बता दें कि शाहिद की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस एक्शन थ्रिलर में शाहिद देव अम्ब्रे नाम के एक पुलिसवाले का रोल कर रहे हैं।

किराए के घर में बीता बचपन, आज करोड़ों के मालिक

विक्की कौशल की 'छावा' पर बवाल

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है और इससे पहले ही विवादों में फंस गई है। हाल ही इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें छत्रपति संभाजी बने विक्की कौशल नाचते नजर आए। इसी पर बवाल मच गया है। ट्रेलर में एक सीक्वेंस दिखाया गया है, जहां विक्की और रश्मिका म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट बजाते दिख रहे हैं और साथ में नाच भी रहे हैं। लेजिम महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक पारंपरिक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट है। इसी के पिक्चराइजेशन को लेकर मराठा समूह नाराज हैं और मांग कर रहे हैं कि किसी तरह की गलती न हो। 'छावा' के इस सीन पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जताई और कहा कि लेजिम बजाते दिखाना ठीक है, पर छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया जाना गलत है। फिल्म बनाने के नाम पर कितनी सिनेमाई स्वतंत्रता ली जानी चाहिए, इसकी सीमाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संभाजी राजे ने बताया कि उन्होंने 'छावा' के डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर से बात की थी। उन्होंने उनसे कहा था कि फिल्म को किसी ऐसे को दिखाएं, जो इतिहास का जानकार हो। चूंकि लक्ष्मण मराठा हैं और इसलिए चाहते हैं कि फिल्म में कोई गलती न हो। इस विवाद ने तब तूल पकड़ा, जब कुछ मराठा संगठन 'छावा' के ट्रेलर में दिखाए गए छत्रपति शिवाजी महाराज के डांस पर आपत्ति जताते हुए पुणे के ऐतिहासिक लाल महल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उनका तर्क था कि इस तरह के चित्रण से छत्रपति संभाजी महाराज की गरिमा कम होती है, खासकर जब यह सीन उनके राज्याभिषेक के बाद का है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मेकर्स को यह फिल्म इतिहासकारों को दिखानी चाहिए और उनसे सलाह-मशवरा करके फिल्म में सुधार करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो 'छावा' को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा।

▸ तेरह नवमतदाताओं को वितरित किए इपीक कार्ड

उत्साह से मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 42 कार्मिक सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। जिलेभर में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को उत्साह के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्य' म जिला परिषद सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री द्वारा 42 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले 13 नव मतदाताओं को इपीक कार्ड वितरित किए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्मिकों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर शतायु मतदाता चुन्नीलाल को जिला कलक्टर एवं ट्रांसजेंडर गादीपति आशाबाई को तहसीलदार निर्वाचन रेखादेवी ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्रथम मतदाताओं को इपीक कार्ड का वितरण किया। जिला कलक्टर ने कार्मिकों से कहा कि जल्द ही देश एक अरब से अधिक मतदाता वाला देश बनने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष मतदाता सूची संशोधन, नामंकरण व पुनरीक्षण कार्य' म आदि पर प्रकाश डाला। स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी द्वारा स्वीप गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान नव मतदाताओं ने मतदान के क्षेत्र में अपना नजरिया बताया।

सुमेरपुर। राउमा विद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र स्तरीय 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कालूराम कुम्हार व तहसीलदार दिनेशकुमार आचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी सज्जनसिंह जैतावत ने बताया कि कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सबको चुनाव आयोग की भावना को समझते हुए 18 वर्ष के युवाओं को इससे जोड़ते हुए शत-प्रतिशत मतदान करवाने में अपनी सहभागिता देते हुए राष्ट्र के विकास में अपना मजबूत योगदान देना होगा। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2

पर्यवेक्षक और 8 बूथ लेवल अधिकारी व लोकसभा आम चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 कार्मिकों को स्मृति चिह्न और योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर रजिस्ट्रेशन करवाने वाले नवीन मतदाताओं का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभाओं का सम्मान किया। सभी को चुनाव में भागीदारी निभाने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य गजेंद्रसिंह राणावत ने मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। समारोह में छात्रा खुशबू बारोठ, निधिराज व दीपिका सुथार ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सुमेरपुर दिनेश आचार्य, प्रधानाचार्य गजेंद्रसिंह राणावत, पाबूसिंह राणावत, कैलाश जानी, दिलीपसिंह, रामचंद्र और चुनाव शाखा प्रभारी सहायक प्रोग्रामर जगदीश बैरवा और निजी सहायक विकास मीना मौजूद थे।

सांडेराव। कस्बे में पत्रकार महावीर मेवाड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। मेवाड़ा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन चुनाव आयोग की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है जिसकी स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। इस दिन का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें मतदान प्र' या में स' य रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्य' म आयोजित किए जाते है जिनमें मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान प्र' या के बारे में जानकारी देना, और मतदान के महत्व को बढ़ावा देना शामिल है। युवाओं को वोट के लिए प्रेरित किया जाता है। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य कपूरचंद्र परिहार, मोतीसिंह राजपुरोहित, घनश्याम लोहार, बीएलओ प्रभारी सेताराम, मोहनलाल, अशोक मीणा, मुकेशकुमार, नितेश बोराणा, महेंद्रसिंह मीणा, दिनेशकुमार मौजूद थे।



बाली। उपखंड मुख्यालय पर शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस कार्य' म की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई ने की। कार्य' म का मुख्य विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम... रहा। समारोह में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एसएसआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों को उपखंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्नोई ने मतदाता जागरूकता और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्य' म में विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा, प्रशासनिक अधिकारी ताराचंद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी लालसिंह, संदर्भ व्यक्ति अशोककुमार शर्मा, सूचना सहायक नितिशकुमार सहित तलाराम, बाबूलाल मीणा, राकेशकुमार, सोहनलाल और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्य' म आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. आईदानसिंह राजपुरोहित ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भिक होकर मतदान करना प्रत्येक वयस्क नागरिक का प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य मनीष दहिया, डॉ रचना यादव, प्रवीण गोयल भी उपस्थित थे।

ये कार्मिक हुए सम्मानित

इस अवसर पर पुनरीक्षण कार्यक्रम में पाली जिला अव्वल रहने पर विमलेन्द्र राणावत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उपखंड अधिकारी) पाली को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जितेन्द्रसिंह सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बाली, सुरेन्द्र जैन अतिरिक्त नोडल अधिकारी निर्वाचन शाखा पाली, चन्द्रेशपाल सिंह अति. जिला शिक्षा अधिकारी, आशीषसिंह प्रगणक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मा.जंक्शन, हरभजनसिंह यादव पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक 116-जैतारण, प्रेमचन्द परिहार, पर्यवेक्षक वरिष्ठ अध्यापक 117-सोजत, अशोककुमार पर्यवेक्षक वरिष्ठ अध्यापक 118-पाली, दलपतसिंह, पर्यवेक्षक व्याख्याता 119-मा. जं., नरेन्द्र गरासिया पर्यवेक्षक व्याख्याता 120-बाली, राजेशकुमार पर्यवेक्षक व्याख्याता 121-सुमेरपुर, अनिल गौड़ बीएलओ अध्यापक 116-जैतारण, ओमप्रकाश बीएलओ अध्यापक 116-जैतारण, मो. सुल्तान खान बीएलओ अध्यापक 117-सोजत, खेताराम बीएलओ अध्यापक 117-सोजत, सुरेशकुमार बीएलओ अध्यापक 118-पाली, चिमनाराम बीएलओ अध्यापक 118-पाली, भूराराम, बीएलओ अध्यापक 119-मा.जं., भंवरसिंह बीएलओ पंचायत अध्यापक 119-मा.जं., कमलेश परिहार बीएलओ अध्यापक 120-बाली, बाबूलाल सरेल बीएलओ अध्यापक 120-बाली, छगनलाल, बीएलओ अध्यापक 121-सुमेरपुर, सोहनलाल बीएलओ पंचायत अध्यापक 121-सुमेरपुर, विनोदकुमार अध्यापक लेवल प्रथम 116-जैतारण, हेमन्तकुमार प्रबोधक 117-सोजत, मांगीलाल अध्यापक लेवल-प्रथम 118-पाली, मांगीलाल गर्ग अध्यापक 119-मारवाड़ जंक्शन, सैयद इश्तियाक अली अध्यापक 120-बाली, कैलाश जींगर कम्प्यूटर अनुदेशक 121-सुमेरपुर, गजेन्द्र दवे प्रधानाचार्य प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, आनन्द सैन सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरओ प्रकोष्ठ, हनुवंतसिंह कनिष्ठ सहायक निर्वाचन शाखा, जयप्रकाश राजपुरोहित सहायक प्रशासनिक अधिकारी पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ, मदन राखेचा व्याख्याता नियुक्ति प्रकोष्ठ, अनिल कोठारी सहायक प्रोग्रामर सीसीटीवी प्रकोष्ठ, अनुपम शर्मा व्याख्याता कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ, नीमाराम देवासी प्रधानाध्यापक भंडार प्रकोष्ठ, कन्हैयालाल चौहान वरिष्ठ अध्यापक भंडार प्रकोष्ठ, उम्मेदसिंह कम्प्यूटर अनुदेशक स्वीप प्रकोष्ठ, नरेन्द्र चौधरी सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, अनिलकुमार सहायक प्रोग्रामर वेब कास्टिंग प्रकोष्ठ एवं भानूप्रतापसिंह राठौड़ सहायक प्रोग्रामर सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को सम्मानित किया गया।

ठेकेदार संघ ने नंदीशाला में भेंट किया दो ट्रक सूखा चारा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। कामधेनु पुत्र 36 कौम नंदीशाला जाखा नगर में शनिवार को ठेकेदार संघ सुमेरपुर के भामाशाहों के सहयोग से दो ट्रक सूखा चारा भेंट किया गया। नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि पिछले दो माह से कामधेनु नंदीशाला जाखा नगर में चारे की कमी को देखते हुए भामशाहों से अपील की गई थी। भामाशाह प्रकाश कुमावत, प्रेम प्रजापत, अनिल माली, जितेनसिंह, दुर्जनसिंह, दीपक मेवाड़ा, प्रतापराम जोधपुर, तुलसीराम चौधरी, पंकजसिंह, वेलाराम देवासी आदि ने सहयोग दिया। समिति अध्यक्ष किशोर भाटी, लालचंद अग्रवाल, रूपाराम माली, प्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल देवड़ा आदि मौजूद रहे।

प्रशासक ने किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नारलाई। ग्राम पंचायत प्रशासक शेखर मीणा एवं रमेश चौधरी ने शनिवार को वार्ड नंबर दो में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की स्वीकृति आते ही कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। जारी कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के ठेकेदार को निर्देश दिए। इस दौरान भरतसिंह राव, रमेश चौधरी, किशोर दमानी, हरीराम सरगरा, भीमसिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में किरण ने लूटी वाहवाही

जागरूक टाइम्स संवाददाता

फालना। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज में हिन्दी अकादमी के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन (लालकिला कवि सम्मेलन) में फालना की कवयित्री कविता किरण ने छठवीं बार काव्य पाठ कर अपनी प्रतिभा के चलते वाहवाही लूटी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के 19 कवियों की टीम ने भाग लिया। कार्य' म की अध्यक्षता पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि की परम्परा को उप राज्यपाल विनयकुमार सक्सेना ने निभाया।

आशापुरा माता मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नारलाई। निकटवर्ती कोठार गांव में मां आशापुरा माता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रथम वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। बालेचा चौहान राजपूत परिवार द्वारा ठा ओबसिंह, अध्यक्ष बाली चौहान महासभा प्रतापसिंह चौहान, भामाशाह जगतसिंह चौहान के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में रतनसिंह, चंद्रसिंह, करणसिंह, दौलतसिंह, महेंद्रसिंह, सुरपालसिंह सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

डॉक्टर बनने पर किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। शहर के जोधपुरिया वास निवासी कोचिंग संचालक आनंद जैन के पुत्र लव जैन उर्फ लक्की के 23 वर्ष की आयु में रसिया की केमेरोवो स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी साइबेरिया से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर भारत लौटने पर गणमान्य लोगों की ओर से गृहनगर में स्वागत किया गया। लव जैन ने प्रथम प्रयास में मेडिकल काउंसलिंग ऑफ इंडिया की परीक्षा 19 जनवरी 2025 को उत्तीर्ण की है। डॉ लव जैन के पाली आने पर अधिवक्ता अरिहंत चौपडा, प्रवीण साहू, वीरेंद्रसिंह राजपुरोहित ढारिया, कुलदीपसिंह चौहान आलावास व रवि कटारिया की ओर से स्वागत किया। डॉ लव जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व छोटे भाई फिजियोथेरेपीस्ट डॉ प्रीत जैन को दिया।

अचरसा बनी सरगरा समाज की महिला विंग की अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा समाज महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पडियार के आदेशानुसार राजस्थान प्रदेश महिला युवा अध्यक्ष सुलोचना ने आदेश जारी कर देसूरी निवासी श्रीमती संतोष अचरसा पत्नी मदन अचरसा को पाली जिला महिला युवा पद पर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर संतोष अचरसा का सरगरा समाज नारी शक्ति की ओर से कार्य' म आयोजित कर स्वागत किया। अचरसा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरगरा समाज की नारी शक्ति को संगठित कर महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के विशेष प्रयास करेंगी। इस अवसर पर समाज के मांगूनाथ महाराज, साध्वी गीतादेवी, छोगाराम गहलोत, कांतिलाल, मदन अचरसा, संजयकुमार, जगदीशकुमार, अक्षय मारू, कैलाशकुमार, सविताबाई, पुष्पाबाई, नेनुबाई, ताराबाई, रेखा मारू, पिस्तादेवी, पुष्पादेवी, ममतादेवी, आशादेवी, नर्बदादेवी, सुंदरदेवी, सवितादेवी सहित समाजबंधुओं ने खुशी जताई। मांगू नाथ महाराज का आशीर्वाद लेकर श्रीमती संतोष ने पदभार ग्रहण किया। जिला की नवीन कार्यकारिणी अतिशीघ्र घोषित करने की बात कही।

प्रभारी मंत्री खर्रा कल सोजत दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत सोमवार को सोजत आएंगे। वे सोमवार प्रातः 9 बजे अजमेर से रवाना होकर सवेरे 11 बजे सोजत पहुंचेंगे एवं ट्रोमा सेंटर का उदघाटन करेंगें। वे दोपहर एक बजे सोजत से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जिले की दो आशा सहयोगिनी होंगी दिल्ली के राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि

▸ सीएमएचओ ने दोनों आशा सहयोगिनी दंपत्तियों को किया रवाना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। जिले से दो उत्कृष्ट आशा सहयोगिनी दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दोनों आशा सहयोगिनी अपने पति के साथ शनिवार सुबह दिल्ली पहुंच गई। इन दोनों आशा सहयोगिनियों व उनके पतियों के खर्चे का वहन चिकित्सा विभाग द्वारा किया जा जाएगा। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने आशा सहयोगिनी पाली शहर के बजरंग बाडी आंगनवाडी केन्द्र पर कार्यरत श्रीमती अनु चौहान एवं सोजत ब्लॉक के सोजत रोड आंगनवाडी केन्द्र पर कार्यरत श्रीमती यशुमती के टिकट बनवा कर उन्हें दिल्ली के लिए रवानगी दी। मारवाल ने बताया कि यह पहली बार है जब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्य' मों से आमजन को जोड़ने वाली तथा समुदाय में कार्य करने वाली आशाओं को दिल्ली में आयोजित कार्य' म का निमंत्रण मिला है। मारवाल ने आशाओं को स्वयं प्रेरित होकर आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने तथा विभाग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्पादन कार्ययोजना बनाकर श्रेष्ठ तरीके से पूरा करने वाली कार्यकर्ता बताया। दोनों आशाओं ने बताया कि वो गौरवान्वित है कि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथी शामिल हो रही है। जिला कार्य' म समन्वयक कुलदीप गोस्वामी ने बताया कि दोनों आशा सहयोगिनी अपने जीवनसाथी के साथ समारोह में भाग लेंगी।

जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री कुमावत करेंगे ध्वजारोहण

पाली। गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह रविवार को जिला मुख्यालय स्थित बांगड स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के अनुसार सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ध्वजारोहण करेंगें। परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारी की ओर से राज्यपाल का संदेश पठन किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा व्यायाम का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य अतिथि का उदबोधन होगा। स्वतंत्रता सेनानी, युद्धवीरांगनाओं का सम्मान एवं पुरस्कार व प्रशिस्त पत्र का वितरण कार्यक्रम होगा। 10.25 बजे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्य' म एवं 10.45 पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास व योजनाओं की झांकियों का प्रस्तुतिकरण होगा। 11 बजे राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन होगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को लेकर ग्रामसभा आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। स्वराज अभियान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया अंतर्गत जारी निर्देशों की पालना में शासन सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र 'मांक अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पारदर्शी एवं जवाबदेह रीति से 'यान्वियन एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अभिलेखों के प्रकटीकरण व पारदर्शिता संधारित किए जाने को स्थानीय प्राधिकारियों के माध्यम से 26 जनवरी को सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के अनुसार इसके तहत उचित मूल्य दुकानों, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के 'यान्वयन के संबंध में सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में ग्राम सभा में संयुक्त रूप से किया जाएगा।

बालिकाओं को वितरित की साइकिलें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांडेराव। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं में नव प्रवेशित छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य मोतीसिंह राजपुरोहित ने राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बालिकाओं को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने व शिक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान कुल 36 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण प्रभारी महेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कपूरचंद परिहार ने की। महावीर मेवाड़ा, भूराराम मालवीय, रतनसिंह राठौड़, अनाराम मीणा की मौजूदगी में साइकिलें वितरित की गई। परिहार ने कहा कि सरकार की मंशा यह है कि एक भी बालक-बालिका विद्यालय से वंचित ना रहे। मालवीय ने राज्य सरकार की बालिकाओं प्रोत्साहन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूर-दराज क्षेत्र से ढाणियों से विद्यालय आने वाली बालिकाओं के लिए विद्यालय तक पहुंचने के लिए सुविधा होगी। इस दौरान बाबूलाल माली, दिनेशकुमार, मन्नाराम, संजय यादव, कविताकुमारी, प्रफुल्ल राणावत, नीतू चारण, अंजू त्यागी, सावित्री कुमारी, शांति छाबा भी मौजूद थी।

गणतंत्र दिवस से पहले बांग्लादेश सीमा पर मिले चार बड़े बंकर

62 हजार प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बोतलें बरामद

तस्करों ने जंगल के बीच किया था इन बंकरों का निर्माण

कोलकाता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़े ऑपरेशन में बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास कृष्णगंज थाना इलाके में तस्करी में प्रयुक्त होने वाले लोहे के तीन भूमिगत स्टोरेज टंकी (बंकरों) और एक ईंट के निर्माणाधीन बंकर का पता लगाया है।

1.40 करोड़ की कफ सिरप बरामद

अधिकारियों ने बताया कि एक खुफिया सूचना पर शुक्रवार को कृष्णगंज के मझदिया कस्बे के सीमावर्ती नागहटा गांव में की गई इस छापेमारी में लोहे के तीनों बंकरों से 1.40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 62,200 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बड़ी खेप भी बरामद की गई।

» तस्करों का पूरा नेटवर्क हिल गया: बीएसएफ

बीएसएफ ने शनिवार को एक बयान में बताया गया कि तस्कर इन भूमिगत टंकियों का इस्तेमाल तस्करी के लिए करते थे। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआईजी व प्रवक्ता नीलोत्पल कुमार पांडे ने तस्करी के विरुद्ध अभियान में इसे बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि गुप्त टंकियों के भंडाफोड़ और फेंसेडिल की इतनी बड़ी खेप बरामद होने से तस्करों का नेटवर्क पूरी तरह से हिल गया है।

» जंगलों में बनाई गई थीं टंकियां

बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ को पुख्ता सूचना मिली थी कि मझदिया इलाके में तस्करी के उद्देश्य से एक बगीचे में जमीन के नीचे लोहे की गुप्त टंकियां बनाई गई है। इनमें से दो टंकी घने बगीचों के बीच छिपाकर बनाई गई थीं, जबकि एक टंकी झोपड़ी के नीचे बनाई गई थी।

» टंकी खोलने पर मिलीं सिरप की बोतलें

टंकियों को खोलने पर उसके अंदर फेंसेडिल की बोतलों से भरी हुई दर्जनों पेटियां बरामद हुई। इसे देख बीएसएफ अधिकारियों व जवानों की आंखें भी फटी की फटी रह गई। बंकरों का पता चलने के बाद से बगीचे का मालिक फरार बताया जा रहा है।

» पहली बार मिला है इस तरह का बंकर

बीएसएफ के डीआईजी ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सतर्कता, साहस और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह की गुप्त टंकी मिली है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री उदयपुर में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में होंगे शामिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 76वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र और संविधान में देशवासियों की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें हमारे महान संविधान निर्माताओं की याद दिलाता है, जिन्होंने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के महान आदर्शों को संविधान के जरिए अंगीकार किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने तथा देश-प्रदेश की उन्नति में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लें, ताकि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा सके।

मुख्यमंत्री राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगे शिरकत:- मुख्यमंत्री उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रात: 9.30 बजे शामिल होंगे। इससे पहले वे प्रात: 9 बजे उदयपुर में शहीद स्मारक (नगर निगम) पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

दिल्ली विस. चुनाव : भाजपा के संकल्प पत्र का तीसरा पार्ट जारी

केजरीवाल जैसा झूठ बोलने वाला नहीं देखा : शाह

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में पार्टी के संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने केजरीवाल जैसा झूठा इंसान अपने पूरे जीवन में नहीं देखा है। अभी कुंभ लगा है, केजरीवाल डुबकी लगा लो तो झूठ बोलने के पाप कट जाएंगे। शाह ने आप सरकार पर घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूलों और मंदिरों, गुरुद्वारों को भी नहीं बख्शा। सबके ठेके दे दिए, हजारों करोड़ का घोटाला किया। केजरीवाल ने हर चुनाव में झूठे वादे किए हैं। भाजपा कोरे वादे नहीं करती।

इससे पहले 7 जनवरी को भाजपा ने संकल्प पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को विकसित दिल्ली की नींव बताया था। इसके बाद 21 जनवरी को संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया था। उधर, केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी करने वाली है। वो इसमें जरूर बताए कि उनका प्लान और विजन क्या है। केजरीवाल ने बीजेपी से यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का विजन कॉपी न करना।

न्यूज ब्रीफ

आज से खुलेगा खाद्य सुरक्षा योजना का पोर्टल

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से वंचित पात्र परिवारों एवं व्यक्ति यों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित करने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। 26 जनवरी से नाम जोड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोला जायेगा और वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। यह जानकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने दी।

डोनाल्ड ट्रंप की टीम में भारतीयों का दबदबा

न्यूयार्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन भारतवंशियों को प्रशासन में अहम जिम्मेदारी दी है। इनमें रिकी गिल, सौरभ शर्मा और कुश देसाई शामिल हैं। रिकी गिल दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के वरिष्ठ निदेशक के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में भारत के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गिल ने पहले ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रूस और यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा के निदेशक के रूप में और विदेश विभाग में ब्यूरो आफ ओवरसीज बिल्डिंग आपरेशंस में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया था।

विष्णु गुप्ता पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

अजमेर। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर स्थित दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करने वाले विष्णु गुप्ता पर शनिवार सुबह हमला हो गया। वे अजमेर से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान गगवाना लाडपुरा पुलिया पर दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस हमले में वो बाल-बाल बच गए और किसी को कोई चोट नहीं आई है। फायरिंग के तुरंत बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को फोन पर हमले की सूचना दी, जिस पर एक्शन लेते हुए तुरंत गेगल और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस वारदात की जानकारी खुद विष्णु गुप्ता ने ही दी। उन्होंने एक फोटो भी शेयर किया है, जिसमें उनकी कार पर लगी गोली के निशान साफ नजर आ रहे हैं।

जयपुर पुलिस ने अलसुबह चलाया अपराधियों के खिलाफ छापामार अभियान

हार्डकोर एवं संदिग्ध बदमाशों के ठिकानों पर दी दबिश

200 से ज्यादा बदमाशों को हिरासत में लिया

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शनिवार की अलसुबह एक बड़े अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की गई। इस अभियान में 200 से अधिक हार्डकोर और संदिग्ध बदमाशों को हिरासत में लिया गया। ये बदमाश जयपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पकड़े गए, जिनमें ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ शामिल हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी न्याय मिले, जिससे नागरिकों का विश्वास बनाए रखा जा सके।

» सभी थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि ईस्ट जिले में 100 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें वाहन चोरी सहित अन्य अपराधों में संलिप्त अपराधी शामिल थे। इस दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। वहीं, डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने जानकारी दी कि वेस्ट जिले में 30 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जबकि डीसीपी नॉर्थ राशि डूडी डोगरा ने बताया कि नॉर्थ जिले के थाना क्षेत्रों में भी सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुवंर राष्ट्रदीप ने बताया कि इस अभियान के दौरान विधि और न्याय के अनुसार सभी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जोधपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ लाइनमैन गिरफ्तार

जोधपुर। राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शनिवार दोपहर जोधपुर जिले के केतु कलां गांव में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ एक लाइनमैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम खेमचन्द है। कुछ दिनों पहले एसीबी को शिकायत मिली थी कि खेमचन्द 1 लाख रुपये की सीट भरने से बचाने के एवज में रिश्वत मांग रहा है।

एसीबी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में पहले शिकायत का सत्यापन कराया। इसमें आरोपी की पुष्टि होने के बाद शनिवार को एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए लाइनमैन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो के एएसपी पारस सोनी ने बताया कि डिस्कॉम की तरफ से चालान शीट तैयार किया जाता है, जिसमें कमी बताकर आरोपी ने परिवादी को एक लाख रुपये की शीट फाड़ने का जुर्माना लगने का डर दिखाया था। इसके बाद परिवादी ने एसीबी की जोधपुर ब्रांच में जाकर शिकायत कर दी। आरोपी ने एसीबी जोधपुर ग्रामीण आरोपी खेमचन्द ने शिकायत के सत्यापन के समय भी परिवादी से 3 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। इस वक्त आरोपी से पूछताछ जारी है।

गणतंत्र दिवस 2025 | वीरता पुरस्कारों का एलान

942 जवानों को मिलेंगे गैलेंट्री अवॉर्ड

95 जवानों को वीरता, 101 को राष्ट्रपति और 746 को सराहनीय सेवा सम्मान

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता (गैलेंट्री) और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इन पदकों में से 95 वीरता पदक शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं।

आतंकवाद पर हमला करने वालों का सम्मान

वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में 28, पूर्वोत्तर में तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

101 जवानों को राष्ट्रपति पुरस्कार

101 जवानों को विशिष्ट सेवा (पीएसएम) के लिए राष्ट्रपति पदक सौंपे गए हैं। इनमें से 85 पुलिस कर्मियों को, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों को, सात नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सेवा को और चार सुधारात्मक सेवा पुरस्कार दिए गए हैं। इसके अलावा जिन कर्मियों को 746 सराहनीय सेवा पदक (एमएसएम) दिए गए, उनमें से 634 पुलिस सेवा, 37 अग्निशमन सेवा, 39 नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक सेवा तथा 36 सुधारात्मक सेवा को दिए जाएंगे।

उदयपुर अब वेटलैंड सिटी भी बना

दुनिया के 31 देशों में लेकसिटी का नाम



रामसर कन्वेंशन ने दी मान्यता

उदयपुर। झीलों की नगरी के नाम से देश-दुनिया में विख्यात उदयपुर शहर अब दुनिया में वेटलैंड सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। रामसर कन्वेंशन की स्थायी समिति की बैठक में भारत से दो शहरों को वेटलैंड सिटी की मान्यता दी गई है इसमें राजस्थान से उदयपुर और मध्यप्रदेश से इंदौर शहर है।

वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन शहरी आर्द्रभूमि की सुरक्षा के लिए उठाए गए अहम कदम पर दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर उदयपुर और इंदौर का वेटलैंड सिटी के लिए चयन होने की जानकारी साझा की।

बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष पर दुष्कर्म का केस

जयपुर। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया पर हरियाणा की एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर आदमपुर पुलिस ने बूड़िया के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 354 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के बयान और सबूतों के आधार पर देवेंद्र बूड़िया के खिलाफ आगे की जांच की जाएगी। शिकायतकर्ता युवती ने आरोप लगाया है कि देवेंद्र बूड़िया ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। युवती ने दावा किया कि बूड़िया ने उसे चंडीगढ़ के एक होटल और जयपुर स्थित अपने फ्लैट पर बुलाकर दुष्कर्म किया।

28 साल का सपना सच... वादियों में गूंजी वंदे भारत की छुक-छुक

कटरा-श्रीनगर वंदे भारत का ट्रायल पूरा

श्रीनगर। श्रीनगर में शनिवार 25 जनवरी की एक ठंडी सुबह, समय 10 बजे। आसमान पर उगे सूरज की कमजोर धूप वातावरण में गर्माहट पैदा करने की नाकाम सी कोशिशों में जुटी रही। श्रीनगर में पारा जमाव बिंदु से -4.1 डिग्री नीचे गिर जाने के चलते कड़ाके की ठंड। लेकिन इस भीषण ठंड के बावजूद माहौल में शनिवार को एक खास उत्साह व गर्माहट देखने को मिल रही है। कड़ाके की ठंड के बावजूद शहर के नौगाम रेलवे स्टेशन पर मामूली से ज्यादा रौनक देखने को मिल रही है। रोजाना की तरह स्टेशन पर शनिवार को भी लोगों की भीड़ जुटी हुई है। लेकिन इस भीड़ में ज्यादातर वे लोग शामिल हैं, जो बनिहाल-बारामूला रेल के लिए नहीं, बल्कि वंदेभारत ट्रेन के स्वागत के लिए खड़े।

माइनस में तापमान फिर भी नहीं थमे पहिये

» हाथ हिलाकर किया स्वागत

सुबह 11.30 मिनट पर जैसे ही वंदेभारत रेल की छुक-छुक श्रीनगर की फिजाओं में गूंजने लगी तो माहौल में उत्साह से भर गया। ट्रेन के स्वागत के लिए जमा लोगों ने दूर से ही हाथ हिला-हिला कर अपने सपनों की इस रेलगाड़ी का स्वागत किया। उत्साहित लोगों ने अधिकारियों को माला पहनाकर अपने प्यार का इजहार किया।

» ट्रायल सफल, लोगों में उत्साह

श्रीनगर नौगाम रेलवे स्टेशन पर रुकने के बाद बड़गाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के साथ ही दिल्ली-कश्मीर वंदे भारत रेल सेवा का अंतिम ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इससे पूर्व शुक्रवार को ट्रायल रन के लिए जम्मू के कटड़ा स्टेशन पर पहुंची थी और वहां ट्रायल सफलतापूर्वक मुकम्मल करने के बाद शनिवार तड़के 9 बजे कटड़ा से श्रीनगर के लिए रवाना हुई थी। संबंधित अधिकारियों के अनुसार ट्रायल सफल रहा और हरी झंडी मिलते ही यह सेवा औपचारिक तौर पर लोगों को समर्पित की जाएगी। इस सेवा के माध्यम से दिल्ली से कश्मीर का सफर मात्र 13 घंटों में तय हो जाएगा और यात्री सस्ते किराया दरों पर हर आधुनिक सुविधा से लैस इस रेल के माध्यम से दिल्ली से श्रीनगर पहुंच सकेंगे।

जेडीए द्वारा नवाचार | ऑनलाइन सेवाओं में की वृद्धि

नाम हस्तांतरण पत्र एवं लीज मुक्ति प्रमाण पत्र व्हाट्सएप पर किए जाएंगे ऑनलाइन जारी

आवेदक के सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर ही सत्यापित किए जाएंगे डॉक्यूमेंटस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं, जिनका उद्देश्य सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है। जेडीसी आनंदी बताया कि जेडीए द्वारा पारदर्शिता प्रक्रिया को अपनाते हुए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी व्हाट्सएप पर भेजे जाने की सुविधा शुरू की गई है, नागरिकों/आवेदकों को जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय की बचत होगी।

डिजिटल हस्ताक्षरित दस्तावेज़: अब आवेदकों को नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी (लीज मुक्ति प्रमाण पत्र) डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि पारदर्शिता को भी बढ़ावा देती है।

व्हाट्सएप पर दस्तावेज़ भेजने की सुविधा: आम जनता की सुविधा के लिए, जेडीए ने डिजिटल हस्ताक्षरित नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी को आवेदक के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने का प्रावधान शुरू किया है। इससे नागरिकों को जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उन्हें समय और श्रम की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इन सुविधाओं के साथ-साथ जेडीए द्वारा साइट प्लान में सुधार, नाम में सुधार, क्षेत्रफल में सुधार, पते में सुधार सेवाएं भी ऑनलाइन प्रारंभ की गई है।

दस्तावेज़ संशोधन सेवाएँ: पूर्व में जारी दस्तावेज़ों में आवश्यक संशोधन करने के लिए निम्नलिखित सेवाएँ भी ऑनलाइन शुरू की गई हैं। साइट प्लान में सुधार, नाम में सुधार, क्षेत्रफल में सुधार, पते में सुधार।

जेडीए का यह प्रयास मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व एवं निर्देशन में नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेडीए सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इन ऑनलाइन सेवाओं का लाभ ले।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com